हरिभूमि

# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, बुधवार 10 जनवरी 2024

[ नर्मदापुर | इटारसी | पिपरिया | पचमढ़ी | सोहागपुर | सिवनी-मालवा | माखननगर | बनखेड़ी ]

04 सीवर लाइन नेटवर्क प्रोजेक्ट अधर में लटका...



05 ग्वालियर बना इंटर डिस्ट्रिक्ट हॉकी का सरताज...



### पहले होगा सड़क का चौड़ीकरण, जाम की समस्या से मिलेगी निजात

# दुकानों को 10 फीट पीछे करने की शुरूआत, अब सिग्नल होंगे चालू

**पिछले करीब एक वर्ष से ट्रेस्टिंग के बाद बंद पड़े ट्रेफिक सिग्नलों को सुचारू रूप से चालू करने के लिए मीनाक्षी चौक स्थित लेफ्ट टर्न में बाधा बनने वाली दुकानों को 10-10 फिट पीछे किया जाने का काम शुरू हो गया है। मंगलवार को दुकानदारों ने सामान खाली करना शुरू कर दिया था।**



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नए साल की दस्तक के साथ ही मीनाक्षी चौक पर पिछले एक वर्ष से बंद पड़े ट्रैफिक सिग्नलों को चालू करने की कवायद जिला प्रशासन और नगरीय प्रशासन ने शुरू कर दी है। दरअसल सड़क के लेफ्ट टर्न में बाधक बनने वाली 32 दुकानों को मंगलवार से 10-10 फिट पीछे किया जाने लगा है। खासियत यह है कि स्वयं दुकानदार इस कार्य में प्रशासन का सहयोग कर रहे है। वहीं दुकानों के पीछे स्थित शिफ्टिंग स्थल पर मौजूद पेड़ों को मंगलवार काटा गया। अब जल्द ही मीनाक्षी चौक पर स्थित आइटीआई की ओर से आने वाली सड़क की दुकानें और मीनाक्षी चौक से नर्मदा महाविद्यालय जाने वाली सड़क सहित एलआईसी आफिस की ओर जाने वाली सड़क की दुकानों का हटाने का काम किया जा रहा है। मंगलवार को अधिकांश दुकानदारों ने अपनी दुकानों से सामान खाली कर दुकानों को पीछे करने की तैयारी कर ली थी। वहीं संजीव खापरे ने बताया कि मां दुर्गा मंदिर को भी दस फिट पीछे किया जाएगा और बाद में समिति बनाकर दोनों मंदिरों को एक साथ बनाया जाएगा।

### मीनाक्षी चौक पर बार-बार लगता रहा जाम

दुकानदारों द्वारा सामान शिफ्टिंग की कार्रवाई के कारण मंगलवार को मीनाक्षी चौक पर बार बार जाम की स्थिति बनती नजर आई। हालांकि ट्राफिक व्यवस्था दुरूस्थ होने के कारण लोगों को परेशान नहीं होना पड़ा।




### प्रशासन ने ले-आउट डाला



मीनाक्षी चौक सड़क चौड़ीकरण के लिए प्रशासन ने दुकानों को शिफ्ट करने के लिए सोमवार को लेआउट किया था। मंगलवार को प्रशासन ने लोआउट के बीच आ रहे पेड़ों की कटाई की। इससे अब दुकानदारों को अपनी दुकाने शिफ्ट करने में सुविधा मिल रही है। वहीं अधिकारियों ने दुकानों को खाली करने का मंगलवार शाम तक का अल्टिमेटम दिया था। हालांकि देर शाम तक अधिकतर दुकानदारों ने अपनी दुकाने खाली कर दी थी। वहीं शेड व सामान को निकालने का काम जारी था। कुछ दुकानदार अपना सामान लोडिंग ऑटो में लेकर गए इससे दिनभर बार-बार जाम की स्थिति निर्मित होती रही। मंगलवार रात तक भी दुकानदार अपनी दुकानों से सामान और अन्य सामग्री हटाटे नजर आ रहे थे।

### मंदिर भी होंगे शिफ्ट

मंगलवार को नगर पालिका अध्यक्ष व नीतू यादव व विधायक प्रतिनिधि महेन्द्र यादव द्वारा विस्थापन के काम का निरीक्षण किया। इन दौरान उन्होंने दुकानदारों की समस्या सुनने के साथ ही अधिकारियों से भी आगे की कार्रवाई के संबंध में जानकारी ली। इस दौरान चौड़ीकरण के दायरे में आ रहे मंदिर को भी शिफ्ट किया जाएगा। इसके लिए नपा ने मंदिर समिति को भी मंदिर शिफ्ट करने के लिए नोटिस दिया है। हालांकि समिति व स्थानीय दुकानदार मंदिर को शिफ्ट करने के लिए भी मान गए हैं। दुकानदारों का कहना है दोनों ही मंदिरों को एक ही मंदिर में शिफ्ट किया जाएगा।

# मामला दर्ज: बिना लायसेंस के लागत से अधिक मूल्य पर बेचा अमानक डीएपी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

बनखेड़ी के कई ग्रामों में बिना लाइसेंस के नकली डीएपी बेंचने वाले फर्जी विक्रेता पर कृषि विभाग ने एफआईआर दर्ज कराई है। फिलहाल आरोपी पुलिस की गिरफ्त से बाहर है, लेकिन जल्द ही उसके पकड़े जाने की संभावना जताई जा रही है। पुलिस ने राजकुमार रजक निवासी ग्राम बघौरा,करेली नरसिंहपुर और हर्ष गुप्ता सालीचौका गाडरवाड़ा नरसिंहपुर के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

दरअसल किसान जितेन्द्र भार्गव, छत्रपाल सिंह, रूद्रप्रताप सिंह और नर्मदाप्रसाद द्वारा शिकायत कराई गई थी उनके ग्राम में बिना नंबर पिकअप ऑटो से वाहन चालक राजकुमार पिता चंद्रभान ग्राम बघोड़ा द्वारा डीएपी विक्रय किया जा रहा है तथा उसके बिल नहीं दिए जा रहे हैं। उक्त शिकायत के संबंध में 30 नवंबर 2023 को पीडी जाटव वरिष्ठ कृषि विभाग अधिकारी विकासखंड बनखेड़ी द्वारा मौके से संयुक्त रूप से जांच की। वहीं किसान जितेन्द्र भार्गव द्वारा नकली डीएपी उर्वरक के संबंध में की गई शिकायत के आधार पर ग्राम भाट पिपरिया में पहुंचकर किसानों से पूछताछ की एवं पंचनामा तैयार किया गया।

किसानों द्वारा बताया गया कि ग्राम भाट पिपरिया में राजकुमार नाम का ड्राइवर बिना बिल के किसानों को 1550 रूपए प्रति बोरी की दर से डीएपी की बोरी बेंची है। डीएपी खाद इफको कंपनी की है जिस पर जनवरी 2023 लाट नंबर 1 एवं दूसरी बोरी पर निर्माण की तिथि नहीं है, लॉट नंबर 2 डला हुआ है। किसानों ने ड्राइवर से हर्ष गुप्ता सालीचौका का मोबाइल नंबर लेकर फोन पर बात की। मौके स्थल पर सतपाल राजपूत के घर राजकुमार रजक वाहन चालक से खरीदी गई डीएपी की दो बोरी रखी हुई थी। जिसका मौके पर उपस्थित किसानों की उपस्थिति में पंचनामा तैयार कर गुणवत्ता परिक्षण हेतु नमूना लिया गया। जिसकें तीनों नमूने अमानक स्तर के पाए गए। कृषि उपसंचाल जेआर हेड़ाऊ ने बताया कि बिना नंबर के वाहन से अमानक डीएपी बेंचने के संबंध में आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है। चूंकि ऑटो के माध्यम से कोई भी डीएपी नहीं बेंच सकता है। आरोपी द्वारा किसानों को बिना बिल का डीएपी बेंचा गया है जो अपराध है। पिकअप ड्रायवर ने राजकुमार बताया था कि हर्ष गुप्ता सालीचौका निवासी के यहां से डीएपी लेकर आया है। आरोपियों पर आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 03 का उल्लंघन करते हुए डीएपी के निर्धारित मूल्य से अधिक कीमत पर विक्रय करना व धारा 3 व 7 को दोषी बना लिया है। अतः उक्त दोनों व्यक्तिओं पर थाने में प्राथमिकी दर्ज की है।

# कुराश स्पर्धा में प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेगी चारु

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

दिल्ली में आयोजित 67 वीं राष्ट्रीय शालाये कुराश प्रतियोगिता 11 से 17 जनवरी तक संपन्न होगी। इसमें समेरिटन्स विद्यालय की छात्रा चारु चिचाम कक्षा 8वीं की छात्रा का चयन 40 वजन समूह में हुआ। चारु कोच वैशाली तिवारी से कुराश खेल का प्रशिक्षण प्राप्त कर रही है। इस उपलब्धि पर भारतीय कुराश महासंघ के सदस्य (तकनीकी समिति) राहुल व्यास, समेरिटन्स



विद्यालय के संचालक डॉ आशुतोष कुमार शर्मा, प्राचार्य प्रेरणा रावत, सचिन खम्परिया, कोच वैशाली तिवारी ने हर्ष व्यक्त करते हुए शुभकामनाएं प्रदान की।

## अब सभी स्कूल सुबह 10 बजे से संचालित होंगे

**नर्मदापुरम।** जिले में शीतलहर एवं प्रतिकूल मौसम के दृष्टिगत स्कूलों के समय में परिवर्तन किया गया हैं। अब 20 जनवरी तक ऐसे समस्त शासकीय एवं अशासकीय विद्यालय जो जल्दी सुबह से संचालित होते है वे प्रातः 10 बजे से संचालित होगें। इसी प्रकार दो पालियों में संचालित होने वाले शासकीय एवं अशासकीय विद्यालय भी प्रातः 10 बजे से संचालित किये जायेंगे। ऐसे शासकीय विद्यालय जो प्रातः 10:30 से संचालित होते है, वे ययावत निर्धारित समय-सारणी अनुसार संचालित होगे। कक्षा 6 से 12 वीं तक की कक्षाओं की पूर्व निर्धारित परीक्षाओं का संचालन निर्धारित समय सारणी के अनुसार किया जाएगा। कलेक्टर सोनिया मीना ने उक्त निर्देशों का गंभीरता से पालन करने के निर्देश दिए हैं।

# वॉलीबॉल और एथलेटिक्स स्पर्धा में नर्मदापुरम जोन का रहा दबदबा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

जनजाति कार्य विभाग के स्टाफ के लिए खेली जा रही राज्य स्तरीय खेल स्पर्धा में नर्मदापुरम जोन का दबदबा रहा है। सोमवार को कबड्डी टीम ने गोल्ड मेडल जीता था। मंगलवार को वॉलीबॉल स्पर्धा में नर्मदा पुरम जॉन ने जबलपुर जोन को सीधे सेट्स में 25-17, 25-20. हराकर खिताब जीता। वालीबॉल स्पर्धा का आयोजन हायर सेकेंडरी ग्राउंड पथरोटा में सम्पन्न हुआ। दूसरी और खेल प्रशाल खेड़ा इटारसी में संपन्न राज्य एथलेटिक्स स्पर्धा अंतर्गत 100 मीटर दौड़ के पुरुष वर्ग में शालीन दास (नर्मदापुरम), महिला वर्ग में आम्रपाली पायकराव (नर्मदापुरम), गोला फेंक स्पर्धा स्पर्धा के पुरुष वर्ग मे हेमरथ तोमर (इंदौर), महिला वर्ग मे राजनंदिनी राजपूत (नर्मदापुरम), लंबी कूद पुरुष वर्ग में दिनेश भींडे (इंदौर) महिला वर्ग में आम्रपाली पायक राव (नर्मदापुरम), जैवलिन



थ्रो के पुरुष वर्ग में हेमरथ तोमर (इंदौर), महिला वर्ग मे आम्रपाली पायकराव (नर्मदापुरम) ने गोल्ड मैडल जीता। दोनों ही स्पर्धाओं के दौरान संभागीय उपायुक्त जनजातीय कार्य जेपी यादव उपस्थित रहे तथा उन्होंने खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया। विजेता, उपविजेता तथा सहभागिता बाले खिलाड़ियों को मेडल तथा प्रमाण पत्र वितरित किये। संभागीय उपायुक्त ने कहा कि खेल जीवन का अभिन्न अंग है। जब पूरे शरीर को ऊर्जा प्रदान करता है। स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मस्तिष्क निवास करता है। यहां पर जो खिलाड़ी आए हैं वे अपने-अपने क्षेत्र में जाकर खेल के प्रति चेतना जागृत करने का कार्य करें। इन स्पर्धा के विजेता दल 14 से 16 सीहोर में आयोजित होने वाले दसवीं स्कूल एजुकेशन स्पोर्ट्स मीट में भाग लेंगे। इस हेतु संभागीय उपायुक्त ने समस्त खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आप वहां पर भी उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन करें। एथलेटिक्स स्पर्धा के नोडल अधिकारी रविंद्र अभ्यंकर, प्राचार्य वालीबॉल स्पर्धा नोडल अधिकारी अरविंद देवलिया ने सभी का आभार प्रकट किया।

# भाकिसं के प्रतिनिधि मंडल ने कलेक्टर से की सौजन्य भेंट, समस्या भी बताई

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

भारतीय किसान संघ क प्रतिनिधि मंडल ने मंगलवार को कलेक्टर सोनिया मीना से सौजन्य भेंट की और भाकिसं की ओर से आगामी कार्यकाल के लिए उन्हें शुभकामनाएं प्रेषित की। संगठन ने जिलाधीश का ध्यान वर्तमान धान खरीदी सीजन में जिले में सर्वाधिक क्रांति धान उत्पादन करने वाले बनखेड़ी एवं पिपरिया क्षेत्र के किसानों को समर्थन मूल्य पर धान बेचने में हो रही परेशानियों की ओर आकर्षित करते हुए उनके निराकरण की मांग की इसके साथ ही एफएक्यू में मौसम की विपरीत परिस्थितियों के मध्येनजर शिथिलता देने के साथ ही वर्तमान खरीदी सीजन समाप्ति दिनांक को भी आगे बढ़ाने की मांग की है। संगठन ने जिलाधीश का ध्यान जिले में बिक रही नकली खाद बीज और पेस्टिसाइड्स के साथ ही पुराने प्रकरणों में अभी तक अपराधियों के विरुद्ध कोई सख्त



कार्यवाही न किए जाने पर भी उनका ध्यान आकर्षित करते हुए निवेदन किया कि प्रशासन पुराने प्रकरणों में ऐसे सख्त कदम उठाते हुए ऐसी नजीर पेश करे जिससे अपराधियों के बुलंद हौसलों पर अंकुश लग सके संगठन का कहना है कि एक तरफ अपनी अस्मिता की बाजी लगाकर संगठन के पदाधिकारी इन अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई करवाते हैं वहीं कुछ दिन बाद यही अपराधी किसी दूसरे नाम से लाइसेंस बनवा कर पुन पुराने धंधे में उतर जाते हैं कृषि विभाग का काम सिर्फ लाइसेंस बनाना और उसे सस्पेंड करने तक सीमित रह गया है कृषि विभाग यदि अन्नदाताओं के हित में व्यापारियों से दूरी बनाकर शक्ति के साथ पेश आए तो अन्नदाता किसानों को नकली खाद बीज और नकली दवाई से मुक्ति मिल सकती है वहीं प्रदेश सरकार के अभियान खेती को लाभ का धंधा बनाने को भी गति प्राप्त होगी। प्रतिनिधि मंडल ने किसानौ की बैंक जिला सहकारी केंद्रीय बैंक जिसकी वर्तमान में वह प्रशासक हैं उसकी गिरती हुई माली हालत और उसके कारणो पर विस्तार से चर्चा करते हुए बैंक को नया जीवनदान प्रदान करने बाबत सख्त कदम उठाए जाने की मांग की।

# समापन अवसर पर नवोदित धर्माचार्य का किया सम्मान

### अंतिम दिन हुई लट्ठमार व फूलों की होली



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नए साल के प्रथम दिवस से शुरू हुआ रासलीला महोत्सव का समापन सोमवार को हुआ। समापन दिवस के अवसर पर लीला में लट्ठ और फूलों की होली की लीला हुई। इसमें गोकुल के ग्वाल और बरसाने की गोपियों के बीच जमकर होली हुई। इस होली में भक्तों ने भी जमकर आनंद लूटा। इसके पूर्व आयोजन समिति की ओर से समेरिटंस ग्रुप ऑफ स्कूल्स के निदेशक डा आशुतोष शर्मा ने शहर के नवोदित धर्माचार्य मानस दुबे और सद्भाव तिवारी का सम्मान किया। ज्ञात रहे कि उक्त दोनों समेरिटंस स्कूल के छात्र रहे हैं।

सद्भाव तिवारी तो अभी कक्षा 12 के विद्यार्थी हैं, जबकि वे दो दर्जन से अधिक भागवत और राम कथा कर चुके हैं। इस अवसर पर आयोजन समिति की और से प्रमोद शर्मा ने आभार व्यक्त किया। लीला में सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## 18 जनवरी से होगी पांच दिवसीय कार्यक्रम की शुरूआत...

# 22 जनवरी को नर्मदांचल में जलेंगे हजारों दीप

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

भगवान श्रीराम के प्रति नर्मदांचलवासियों में भी अगाध आस्था है। नर्मदा तट के सेठानीघाट पर भगवान राम का प्राचीन मंदिर बना हुआ है। जहां भगवान माता जानकी के साथ विराजमान है। श्रीराम जानकी की यह प्राचीन व दुर्लभ प्रतिमा के साथ ही अनूठा राम दरबार सजा हुआ है। अयोध्या में भगवान श्रीराम की प्राण-प्रतिष्ठा की खुशियां शहर के सभी मंदिरों में झलक रही है। नर्मदांचल भी श्रीराम-जानकी सेठ लच्छीराम पालीवाल मंदिर सहित अन्य मंदिरों में भव्य आयोजन की तैयारी की जा रही है। 5 दिवसीय आयोजन में हवन पूजन अनुष्ठान आदि होंगे। इसके साथ ही 22 जनवरी को नर्मदा के सेठानीघाट सहित अन्य घाटों पर हजारों दीप जगमगाएंगे। राम लला की प्रतिष्ठा को लेकर हर तरफ तैयारियों






का दौर है। घाट से लेकर प्राचीन श्रीराम-जानकी मंदिर में सजावट की भी तैयारी की जा रही है। मप्र तैराकी संघ अध्यक्ष पीयूष शर्मा ने बताया कि नर्मदापुरम में 5 दिवसीय महोत्सव होगा। जिसमें 18, 19, 20, 21 एवं 22 जनवरी को भगवान राम की शहर भर में पूजन अभिषेक करने की तैयारी चल रही है। 22 जनवरी के आयोजन को लेकर 12 जनवरी को बैठक आयोजित की गई है। जिसमें तय किया जाएगा कि 18 से 22 जनवरी तक होने वाले भव्य कार्यक्रम किस प्रकार आयोजित होंगे।

### करीब 400 वर्ष पुराना है प्राचीन श्रीराम-जानकी मंदिर

सेठानीघाट स्थित प्राचीन श्रीराम मंदिर करीब 400 वर्ष पुराना है। यहां गर्भगृह में माता जानकी, प्रभू श्रीराम के साथ हनुमान लला परिवार विराजमान है। इसके साथ राधा-कृष्ण ,लक्ष्मी- नारायण, हरदौल बाबा सभी मूर्तिया खड़ी हुई हैं। मंदिर का निर्माण पालीवाल परिवार द्वारा करवाया गया। पूरा मंदिर चूने की जुड़ाई और पत्थरों से बना हुआ है। प्राचीन श्रीराम जानकी मंदिर में लोहे का उपयोग नहीं किया गया है। पं वृज पालीवाल ने बताया कि मंदिर करीब 400 वर्षों पुराना है। तभी से हमारा परिवार ही पूजन-पाठ करता है। वर्तमान पीढ़ी आठवीं पीढ़ी है।

### घाट सहित शहर में होंगे आयोजन

मां नर्मदा के सेठानी घाट सहित पूरे शहर में 22 जनवरी को भव्य कार्यक्रम आयोजित किए जाएगे। जिसकी तैयारी जारी है।

# जन सुनवाई में आए 110 आवेदन कलेक्टर ने दिए दिशा-निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

जनसुनवाई में प्राप्त आवेदनों का त्वरित निराकरण करें। जनसुनवाई के आवेदन लंबित न रहें यह सुनिश्चित किया जाए। यह निर्देश कलेक्टर सोनिया मीना ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट में आयोजित जनसुनवाई में सभी विभागों के अधिकारियों को दिए। जनसुनवाई में कलेक्टर ने अधिकारियों के साथ 110 आवेदनों पर सुनवाई की और प्राप्त आवेदनों का शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में तहसील माखननगर के ग्राम जमुनिया निवासी किसान साक्षी मीना ने समर्थन मूल्य पर ज्वार उपार्जन के उपरांत भुगतान न होने के संबंध में आवेदन दिया। जिस पर कलेक्टर ने सहायक आयुक्त सहकारिता और जिला आपूर्ति



नियंत्रक को आवेदनकर्ता की शिकायत का निराकरण करने के निर्देश दिए।

तहसील इटारसी के ग्राम गोचितरौंदा निवासी अशोक दुबे ने सीमांकन की नकल न मिलने के संबंध में आवेदन दिया। जिस पर कलेक्टर ने एसडीएम इटारसी को आवेदन का समाधान करने के निर्देश दिए। तहसील माखननगर के ग्राम राजोन निवासी कृषक रामनारायण ने बताया कि उनकी भूमि के फोती नामांतरण होने बावजूद भी रिकॉर्ड ऑनलाइन दर्ज ने होने कारण उन्हें पीएम किसान सम्मान निधि सहित अन्य योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा हैं। जिस पर कलेक्टर ने तहसीलदार माखननगर को आवेदन की जांच रिपोर्ट देने के निर्देश दिए। नर्मदापुरम निवासी छोटेलाल ठाकुर ने जनसुनवाई में बताया कि वे जलसंसाधन विभाग में पंप ऑपरेटर के पद से सेवानिवृत्त हुए हैं। उन्हे सेवानिवृत होने के 10 वर्ष बाद भी क्रमोन्नति का लाभ नहीं मिला हैं। जिस पर कलेक्टर सुश्री मीना ने जल संसाधन विभाग को आवेदन का निराकरण करने के निर्देश दिए। नर्मदापुरम के ग्राम कुलामढ़ी निवासी आर एस ठाकुर ने शासकीय भूमि पर अवैध निर्माण के संबंध में आवेदन दिया जिस पर तहसीलदार ग्रामीण को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए।

## खबर संक्षेप

### बगडोना व्यापारी संघ का आज होगा चुनाव

**सारनी।** बगडोना व्यापारी संघ का चुनाव 10 जनवरी को सुबह 10 शुरू होगा और दोपहर 3 बजे समाप्त होगा। बगडोना व्यापारी संघ के अध्यक्ष पद के इस चुनाव प्रणाली में 387 व्यापारी अपना मत अधिकार का उपयोग करेंगे।बताया जाता है कि बगडोना के हवाई पट्टी जुहू चौपाटी के समीप 10 बजे से 3 तक मतदान का कार्य किया जाएगा और 4 बजे तक प्रत्याशी के घोषणा करने का कार्य निर्वाचन अधिकारियों के माध्यम से जारी कर दिया जाएगा।

### महिला थाना प्रभारी ने छात्र-छात्राओं को बताए अपराध से बचने के तरीके

**बैतूल।** शासकीय प्राथमिक शाला सिविल लाइन में मंगलवार को महिला थाना प्रभारी एवं अन्य महिला पुलिसकर्मियों ने पहुंचकर छात्र-छात्राओं को अपराध की जानकारी देकर अपराध से बचने के तरीके बताएं। छात्र-छात्राओं को गलत व्यक्तियों की पहचान करने, आवारा तत्वों से सावधान रहने, भीड़भाड़ वाले स्थानों में सतर्क रहने, रास्ता रोकर परेशान करने वाले, सोशल मीडिया का प्रयोग सावधानी पूर्वक करने, अनजान व्यक्ति से वार्तालाप ना करने, फोटो वीडियो शेयर ना करने, सूनसान रास्तों में अपनी सुरक्षा करने व कई हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी। साथ ही छात्र-छात्राओं को गुड-टच, बैड टच संबंधी बातें बताई। महिला थाना प्रभारी संध्या सक्सेना ने छात्राओं को मोबाइल में क्या देखना है, क्या नहीं देखना है इस पर मार्गदर्शन दिया। जयंती सक्सेना ने छोटे बच्चों के अपहरण की घटनाओं के बारे में बताया। निर्भया प्रभारी भावना रघुवंशी, जिया किरार एवं ममता रावत ने भी कई महत्वपूर्ण जानकारी दी। इस अवसर पर बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं सुंदर गीत प्रस्तुत किए। शिक्षिका अंजलि सलाम ने महिला पुलिसकर्मियों का तिलक लगाकर सम्मान किया। कार्यक्रम का संचालन प्रधान पाठक सुनील तरकसवार एवं आभार प्रदर्शन पलक सोनिया खांडवे ने किया।

### नपा मजदूर संघ ने विभिन्न मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा

**सारनी।** नगर पालिका, नगर पंचायत मजदूर संघ के द्वारा जिले के विभिन्न नगर पालिकाओं सहित सारनी नगर पालिका में संगठन के जिला महामंत्री हरिओम कुशवाहा के नेतृत्व में मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन नगर पालिका अध्यक्ष किशोर बरदे,मुख्य नगर पालिका अधिकारी सी. के मेश्राम को सौपा गया।जिसमें प्रमुख रूप से 2007 से वर्तमान तक के कार्यरत सभी दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों को नियमित करने एवं पूर्व में जिन कर्मचारियों को विनियमित किया गया था।उन कर्मचारियों को भी नियमित करने की मांग की गई,साथ ही एक स्थानीय समस्याओं का मांग पत्र भी सौपा गया,जिसमें प्रत्येक माह 1 तारीख से 5 तारीख तक के बीच में कर्मचारियों के वेतन का भुगतान अनिवार्य रूप से करने,वेतन के साथ वेतन पर्ची प्रदान करने एवं दैनिक वेतन भोगी के लिए कलेक्टर द्वारा जारी की गई वेतन दर को लागू कर एरियर के साथ भुगतान करने की मांग की गई है।

---

ताप्ती सरोवर के संरक्षण के लिए 6 करोड़ 72 लाख की लागत से होना था निर्माण

# सीवर लाइन नेटवर्क प्रोजेक्ट अधर में लटका, ठेकेदार भी हो गया गायब





**हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुलताई**

ताप्ती सरोवर के संरक्षण के लिए, 3 वार्डों में 6 करोड़ 72 लाख रुपए की लागत से बनने वाला सीवर लाइन नेटवर्क प्रोजेक्ट अधर में लटका है। ठेकेदार नगर पालिका के करोड़ों रुपए की सड़के तोड़कर और भुगतान लेकर गायब है और नगर पालिका नोटिस जारी कर ठेकेदार को खोज रही है।

सीवर लाइन प्रोजेक्ट नगर की अत्यंत महत्वपूर्ण परियोजनाओं में से एक थी किंतु अब वास्तविकता यह हो गई है कि करोड़ों रुपए खर्च होने के बाद भी इस योजना का लाभ नगर को मिल पाएगा कहना कठिन है। इस योजना के माध्यम से ना तो ताप्ती सरोवर में जाने वाले गंदे पानी को रोका जासकेगा और नाहीं इस योजना में शामिल टूटी हुई सड़कों का सुधार कार्य ही हो पाएगा। और इसका श्रेय उन जनप्रतिनिधियों को भी जाता है जो व्यक्तिगत लड़ायों में तो व्यस्त रहे किंतु यह देखना कभी आवश्यक नहीं समझा कि सीवर लाइन प्रोजेक्ट का जो डीपीआर है क्या वह अपने उद्देश्य की पूर्ति कर पारहा है। क्या योजना पूर्ण होने के बाद ताप्ती सरोवर में घरों से निकलने वाला सीवर का गंदा पानी जाने से रोका जा सकता है अगर यह प्रश्न है तो उत्तर होगा बिल्कुल नहीं । तो आज बड़ा प्रश्न यह है कि जिस प्रोजेक्ट के लिए करोड़ों की सड़क तोड़ दी गई जिसमें करोड़ों खर्च कर दिए गए उसका औचित्य क्या..?

### नोटिस जारी किया है

सिविर लाइन ठेकेदार को नगर पालिका द्वारा नोटिस जारी किए गए हैं। साथ ही इसकी सूचना नगरीय प्रशासन को भी दी गई है। ताप्ती सरोवर के सिविल लाइन प्रोजेक्ट से छूटे प्रमुख जलमार्गों को दूसरे ट्रीटमेंट प्रोजेक्ट से जोड़ा जा रहा है।

**योगेश अनेराव,** उप यंत्री नगर पालिका मुलताई

### सीवर लाइन प्रोजेक्ट से जुड़े ही नहीं है ताप्ती के प्रमुख जल मार्ग

इस संबंध में ताप्ती वार्ड की पार्षद निर्मला उबनारे बताती है कि हमारे वार्ड का ताप्ती जल मार्ग जो की ताप्ती सरोवर का बड़ा जल आवक मार्ग है यह रेलवे लाइन गार्डन के आगे से चलकर ताप्ती सरोवर से जुड़ता है और इसके दोनों भाग में स्थित आबादी मकान के सीवर लाइन के पाइप इस जलमार्ग से जुड़े है जहां से होकर घरों का गंदा पानी ताप्ती सरोवर पहुंचता हैं। सीवर लाइन डीपीआर में ताप्ती वार्ड के ऐसे ही तीन प्रमुख जलमार्गो को जोड़ा ही नहीं गया है हाल ही में हमने नगर पालिका से कहा है कि इस मार्ग के बाजू से प्रस्तावित 10 फीट के मार्ग का निर्माण कार्य प्रारंभ कराया जाए और साथ ही साथ इसमें सीवर लाइन प्रोजेक्ट की पाइपलाइन को भी इनबिल्ट किया जाए ताकि मां ताप्ती जल मार्ग में घरों का गंदा पानी न जा सके किंतु महत्वपूर्ण कार्य को भी आर्थिक स्थिति का हवाला देकर टाल दिया जाता है।

### *सीवर लाइन प्रोजेक्ट के लिए टूटी 8 किलोमीटर सड़क*



*सीवर लाइन प्रोजेक्ट मुलताई नगर की सड़कों के लिए अभिषाप बंनकर रह गया है। इस प्रोजेक्ट के लिए तोडी गई सड़को से पैदल चलना कठिन है और सबसे महत्वपूर्ण बात इस समस्या का हल किसी के पास नहीं है और ना ही कोई इस बात को गंभीरता से उठाने के लिए तैयार है । एक अनुमान के आधार पर जानकार बताते हैं कि बीते 5 सालों में मुलताई नगर में लगभग 20 करोड़ लागत की सड़के बनाई गई, जिसमें से अधिकांश सड़कें पाइपलाइन एवं सिवेज लाइन बिछाने के लिए तोड़ दी गई, विभागीय सूत्र बताते हैं कि मात्र सीवर लाइन प्रोजेक्ट के लिए ही 8 किलोमीटर की सड़के तोड़ी गई है। सीवर लाइन और पाइप लाइन के लिए तोड़ी गई सड़के जिनका सुधार कार्य होना अब प्रावधानों के मध्य उलझ कर रह गया है ।*

---

कमरे में लटका मिला शव

## नर्सिंग की छात्रा ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**बैतूल।** कोतवाली थाना क्षेत्रांन्तगत गोठाना निवासी पुजा खंडाईत (नरवरे) उम्र 27 वर्ष ने सोमवार की रात को फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। महिला मूलतः सातनेर की रहने वाली है। हालही में वह बैतूल के गोठाना क्षेत्र में किराए का मकान लेकर रह रही थी। बताया जा रहा है कि पूजा की एक साल पहले इंदौर में किसी प्रोफेसर से शादी हो गई थी। लेकिन वह ससुराल में ज्यादा समय नहीं रह सकी।

शादी के लगभग एक माह बाद ही वह मायके वापस आ गई थी। जानकारी मिली है कि जिस व्यक्ति से पूजा की शादी हुई थी वह पहले से विवाहित था। यही विवाद की वजह बना और पूजा वापस आ गई थी। वह नर्सिंग की पढ़ाई के साथ नर्सिंग जॉब भी कर रही थी। जब सोमवार शाम परिजनों ने महिला को फोन किया तो महिला ने फोन रिसीव नहीं किया। इसके बाद परिजनों ने इसकी सूचना अपने बैतूल में रह रहे रिश्तेदारों को दी। रिश्तेदारों ने पूजा के घर गौठाना जाकर देखा तो वह फांसी के फंदे से लटकी हुई थी। घर का दरवाजा खुला हुआ था। परिजनों ने इसकी सूचना तत्काल कोतवाली पुलिस को दी। सूचना पर कोतवाली पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शव को फांसी के फंदे से नीचे उतारकर पंचनामा किया गया। मृतिका का शव जिला अस्पताल लाया गया। जहां मंगलवार पोस्टमार्टम करने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है। मृतिका की सातनेर में अंत्येष्टि कर दी गई है। इस पूरे मामले को लेकर कोतवाली पुलिस जांच कर रही है।

## लापता पूर्व पार्षद के पुत्र का शव राइस मिल में मिला

**दो दिन से था लापता, परिजन और पुलिस कर रहे थे तलाश**

**बैतूल।** शास्त्री वार्ड की पूर्व पार्षद नीता साहू का लापता 14 वर्षीय पुत्र तन्मय का शव उनकी ही राइस मिल में मिलने से सनसनी मच गई है। दो दिन पहले परिजनों ने पुत्र के लापता होने की सूचना बैतूलबाजार पुलिस को दी थी। परिजनों ने उसके अपहरण की भी आशंका जताई थी, लेकिन पुलिस ने इंकार कर दिया था। इस बीच मंगलवार सुबह पूर्व पार्षद के पुत्र का शव दनोरा स्थित राइस मिल में मिलने से हड़कंप मच गया है। उनका पुत्र वहां कैसे पहुंचा। पुलिस इसकी जांच कर रही है। । सूचना मिलने पर बैतूलबाजार पुलिस मौके पर पहुंची और घटना स्थल का निरीक्षण किया। मृतक का पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को सौंप दिया गया है। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक बडोरा-धनोरा मार्ग पर पुष्पेंद्र साहू की राइस मिल संचालित है। इस मिल में हादसा हुआ है, इस हादसे में मिल संचालक के 14 वर्षीय पुत्र तन्मय साहू की मौत हो गई है। पुलिस के मुताबिक तन्मय दो दिन से घर से लापता था। परिजन इधर-उधर रिश्तेदारों में तलाश कर रहे थे। सोमवार शाम को मिल संचालक राईस की छनाई करने के लिए पहुंचे तो तन्मय का शव राईस मिल के मशीन के ड्रम में पड़ा मिला। इसकी सूचना तत्काल पुलिस को दी। पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर जायजा लिया। संभावना जताई जा रही है कि किशोर की चावल की छनाई के दौरान मिल के ड्रम में गिर जाने से दर्दनाक मौत हो गई। शव दो दिन पुराना बताया जा रहा है, जिससे संभावना जताई जा रही है कि घटना 2 दिन पहले की है। मृतक के शव का मंगलवार सुबह जिला चिकित्सालय में पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस हादसे की जांच कर रही है।

---

सिवनी को 11-10 से हराया

## संभाग स्तरीय प्रतियोगिता में छिंदवाड़ा विजयी



**हरिभूमि न्यूज ▶▶ भैंसदेही**

महाविद्यालय भैंसदेही में संभाग स्तरीय खो-खो प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। फाइनल मैच छिंदवाड़ा और सिवनी की टीमों के बीच हुआ। अत्यंत रोमांचक मैच में छिंदवाड़ा ने सिवनी को 11-10 से पराजित कर 1 अंक से जीत दर्ज की। इससे पूर्व प्रथम सेमीफाइनल मैच में सिवनी की टीम ने बैतूल को पराजित किया। वहीं छिंदवाड़ा ने बालाघाट को पराजित किया। क्रीड़ा अधिकारी शैलेंद्र बारंगे ने बताया कि चयन समिति द्वारा चयनित खिलाड़ी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में छिंदवाड़ा विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व करेंगे। कार्यक्रम के प्रारंभ में प्राचार्य जितेंद्र कुमार दवंडे ने स्वागत उद्बोधन में विभिन्न महाविद्यालयों आए हुए खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों एवं दल प्रभारियों का स्वागत किया तथा इस आयोजन के दायित्व के लिए छिंदवाड़ा विश्वविद्यालय के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। इस आयोजन में चयन समिति के संयोजक के रूप में शासकीयस्नातकोत्तर महाविद्यालय छिंदवाड़ा के क्रीड़ा अधिकारी अनिल झरबड़े तथा संयोजक के रूप में शासकीय महाविद्यालय घोड़ाडोंगरी के क्रीड़ा अधिकारी नंदकिशोर पवार उपस्थित रहे। निर्णायक की भूमिका हेमराज महाले, राधेलाल बनखेड़े तथा भुवनेश्वर राजपूत ने निभाई।

## शादी का झांसा देकर नाबालिग का अपहरण करने वाले युवक को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**मुलताई।** थाना क्षेत्र के एक गांव से एक 17 वर्षीय बालिका को एक युवक शादी का झांसा देकर अपहरण कर ले गया था। पुलिस ने इस मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए महाराष्ट्र के अमरावती से अपहत बालिका को दस्तयाब किया है। वहीं आरोपी को भी गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इस मामले में इस्तेमाल की गई मोटरसाइकिल को भी जब्त किया है। वहीं आरोपी के खिलाफ छेड़छाड़ सहित पाक्सो एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया है। वहीं बालिका को परिजनों को सौंप दिया गया है। थाना प्रभारी प्रज्ञा शर्मा ने बताया कि थाना क्षेत्र की एक 17 वर्षीय बालिका के अपहरण की सूचना मिली थी। जिसके बाद से लगातार पुलिस इस बालिका को ढूंढने में लगी हुई थी। जांच अधिकारी आम्रपाली डहाट द्वारा मामले में सूचना संकलन कर मुखबिरों के माध्यम से पता किया गया कि बालिका महाराष्ट्र के अमरावती में है। जहां से बालिका को दस्तयाब किया गया है। बालिका ने बताया कि आरोपी मयंक देशमुख उसको शादी का झांसा देकर उसके गांव से भागकर मोटरसाइकिल से स्वयं के दोस्त के घर अमरावती ले गया था और उसके साथ वहां छेड़छाड़ की गई। बालिका के बयान के आधार पर आरोपी मयंक के खिलाफ धारा 366, 354,354 क आईपीसी और 7/8 पाक्सो एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर बालिका को परिजनों को सौंप दिया गया है।

### मानव को मानव योनि में रहकर ही कर्मों का फल भोगना पड़ता: नेहा दीदी

**सारनी।** ब्रह्माकुमारीज द्वारा आयोजित साप्ताहिक गीता प्रवचन में योग शक्ति नेहा दीदी ने मनुष्य के जन्म मरण के की अद्भुत कहानी सुनाई जिसमें उन्होंने बताया कि मनुष्य अपने विकर्मों की सजा भोगने के लिए किसी पशु योनि में नहीं जाता बल्कि मनुष्य के मनुष्य शरीर में रहकर ही उसे अपने किए हुए पाप कर्मों का प्रतिफल भोगना पड़ता है।मानव शरीर में रहकर ही शारीरिक, मानसिक, पारिवारिक और सामाजिक समस्याएं एवं दुख मनुष्य के किए हुए पाप कर्मों का ही प्रतिफल है। आज मनुष्य मानव तन होने के बाद भी संस्कारों से पशुतुल्य हो चुका है। वह पशुवत व्यवहार करता है। कई बार तो यह भी देखा गया है कि वह पशु से भी पत्थर पत्थर शैतानी प्रवृत्ति को अपना लेता है।

---

जगह-जगह हुआ स्वागत

## रघुवंशी समाज की निकाली गई राम रथ यात्रा का हुआ समापन





**हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुलताई**

सकल रघुवंशी समाज द्वारा अयोध्या में होने वाले 2121 कुंड़ी राम यज्ञ का आमंत्रण का संदेश लेकर मुलताई क्षेत्र के प्रसिद्ध राम मंदिर ग्राम चिखली कला से निकली राम रथ यात्रा आज ताप्ती तट पर समापन हो गया।

मुलताई पहुंची राम रथ यात्रा का जगह-जगह भव्य स्वागत किया गया समाजसेवी कृष्णा धोटे, अजाव राव देशमुख , राजू चोपड़े, सजल शिवहरे आदि ने भाजपा कार्यालय के समक्ष राम रथ यात्रियों का स्वागत किया एवं पुष्प वर्षा की ।रघुवंशी समाज के महतपुर के अध्यक्ष रामभरोंसे सूर्यवंशी ने जानकारी देते हुए बताया कि यह यात्रा रघुवंशी समाज के प्रसिद्ध राम मंदिर चिकली कला से 7 जनवरी को निकली थी जिसका उद्देश्य 10 फरवरी से 22 जनवरी तक रामनगरी अयोध्या मे होने वाले 2121कुड़ी रघुवंशी समाज के यज्ञ एवं प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में शामिल होने का आमंत्रण देना था। यह यात्रा चिकली कल से 7 जनवरी को निकल गई थी जो की ग्राम सोंड़ीया,दुनावा, मोरखा, छिंदी, माथनी महतपूर, बराई होते हुए पवित्र नगरी मुलताई पहुंची जिसका मुलताई नगर में समापन किया गया है। यात्रा के मुलताई नगर में पहुंचने पर जगह-जगह यात्रा का भविष्य स्वागत किया गया। यात्रा नगर के प्रमुख मार्गो से होते हुए तापी तक पहुंची जहां पूरे विधि विधान के साथ राम रथ यात्रा का समापन हुआ।

### किंग शूटर पाथाखेड़ा व थलाइवा इलेवन चोपना पहुंची सुपर 16 में

**सारनी।** स्व.विजय कुमार खण्ड़ेलवाल स्मृति मे राज्य स्तरीय टेनिस बाल क्रिकेट प्रतियोगिता के तीसरे दिन 2 मैच खेले गए।पहला मैच वैष्णव क्लब सारनी एवम किंग शूटर पाथाखेड़ा के बीच खेला गया वैष्णो क्लब सारनी ने टॉस जीतकर क्षेत्ररक्षण करने का निर्णय लिया पहले पहले बल्लेबाजी करने उतरी किंग शूटर पाथाखेड़ा ने निर्धारित 12 ओवर में 123 रन बनाए 124 रनो के लक्ष्य का पीछा करने उतरी वैष्णव क्लब सारनी 10 ओवर खेलते हुए 79 रन ही बना पाई और यह मैच 31 रनों से हार गई इस मैच के मैन ऑफ द मैच शिवा भारती जिन्होंने 18 गेंद पर 46 रन एवं अपनी टीम के लिए महत्वपूर्ण 3 विकेट हासिल कर मैन ऑफ द मैच बने।दुसरा मैच थलाइवा इलेवन चोपना एवम लाइटिंग थंडर शोभापुर के बीच खेला गया थलाइवा इलेवन चोपना ने टॉस जीतकर क्षेत्ररक्षण करने का निर्णय लिया पहले बल्लेबाजी करने उतरी लाइटिंग थंडर शोभापुर ने निर्धारित 10 ओवरों में 66 रन बनाकर आल आउट हो गयी ।67 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी थलाइवा इलेवन चोपना ने महज 8 ओवरो में 5 विकेट खोकर 71 रन बनाए और 5 विकेट से यह मैच जीत लिया ।

## न्यायालय न्याय का मंदिर होता है: विधायक

**अभिभाषक संघ को 5 लाख रुपए की निधि की घोषणा**




**भैंसदेही।** न्यायालय न्याय का मंदिर है। यहां आम गरीबों को सुलभता के साथ न्याय प्राप्त हो, इसके प्रयास हमेशा होना चाहिए। यह उद्गार अधिवक्ता संघ भैंसदेही की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी के पदभार ग्रहण कार्यक्रम में शामिल होने आये क्षेत्रीय विधायक महेन्द्र सिंह चौहान ने व्यक्त किये। सोमवार देर शाम आयोजित कार्यक्रम में विधायक ने कहा कि हमारा क्षेत्र पिछड़ा आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र है। क्षेत्र के दूरदराज के लोग न्याय की आशा में यहां आते है। उन्होंने भैंसदेही मुख्यालय पर उपजेल खुलवाने के लिए प्रयास करने का वादा भी वकीलों से किया। अधिवक्ता संघ भैंसदेही को 5 लाख रूपयों की राशि देने की घोषणा भी की। अपर सत्र न्यायाधीश राकेश पाटीदार ने कहा कि बार और बेंच एक रथ के दो पहिये है। आम गरीब व्यक्ति को सुलभ और जल्द न्याय मिलने के लिए दोनों के प्रयास जरूरी है। उन्होंने नई कार्यकारिणी को बधाई देते हुए पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। कार्यक्रम को अधिवक्ता संघ बैतूल के अध्यक्ष संजय मिश्रा, अधिवक्ता संघ मुलताई के अध्यक्ष चंदेल सहित तुलसीराम पेठे, सुरेन्द्र मालवीय ने भी संबोधित किया। इसके पूर्व अधिवक्ता संघ के नवनियुक्त अध्यक्ष मारोतीराव बारस्कर ने संघ के गठन से लेकर वर्तमान समय तक पूरी प्रस्तावना प्रस्तुत की। कार्यक्रम के दौरान पूर्व अध्यक्षों का शाल व श्रीफल से सम्मान किया गया। कार्यक्रम का संचालन अधिवक्ता संजय तिवारी तथा आभार प्रदर्शन नवनिर्वाचित सचिव संतोष राठौर ने किया। इस अवसर पर न्यायाधीश निकिता चौहान, संघ के निवनिर्वाचित उपाध्यक्ष राजेश गावंडे, कोषाध्यक्ष अनिल मालवीय, सह सचिव अशफाक काबरा, जिला बार प्रतिनिधि विनोद छिकारे तथा पुस्तकालय प्रभारी फगिन्द्र बालापुरे सहित अन्य अधिवक्ता, भैंसदेही थाना प्रभारी अंजना धुर्वे सहित न्यायालयीन कर्मचारी, पत्रकार अंकित कुमार राठौर , कमलेश कवाडकर, राजेंद्र धुले, गजनन असवार, मनीष राठौर, उपस्थित थे।

---

बेबी ठाकुर ने वार्ड में रैली निकालकर मतदाताओं का आभार जताया

# पंडित जवाहरलाल नेहरू वार्ड-14 उपचुनाव में भाजपा की बेबी ठाकुर 306 वोटों से जीतीं

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारनी**

कांग्रेस के ऊपर से लगी पनौती हटाने का नाम नहीं ले रही है, विधानसभा हो या फिर उपचुनाव नगरी निकाय चुनाव सब जगह कांग्रेस को मुंह की खानी पड़ रही है नगर पालिका परिषद सारनी के पंडित जवाहरलाल नेहरू वार्ड क्रमांक 14 में उपचुनाव में भी कांग्रेस 306 वोट से हार चुकी है।





पंडित जवाहरलाल नेहरू वार्ड क्रमांक 14 के पार्षद मनोज ठाकुर के आकस्मिक निधन उपरांत उनके बचे हुए कार्यकाल को पूरा करने के लिए हुए उपचुनाव में भारतीय जनता पार्टी की प्रत्याशी बेबी मनोज ठाकुर को 306 वोटो से चुनाव विजयी हुई। उपचुनाव में भारतीय जनता पार्टी की प्रत्याशी बेबी मनोज ठाकुर को 467,वही कांग्रेस के प्रत्याशी बृजेंद्र यादव को 161 व आप के प्रत्याशी सुनील गुप्ता को 29 तो निर्दलीय प्रत्याशी बबरू अविनाश सिंदूर को 62 तो वही नोटा 03 वोट प्राप्त हुए। चुनाव परिणाम उपरांत विजय प्रत्याशी बेबी मनोज ठाकुर द्वारा मंडल सारनी के वरिष्ठ नेताओं कार्यकर्ताओं के साथ क्षेत्र के सबसे प्राचीन मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम मंदीर में प्रभू श्री राम के दर्शन उपरात बाबा मठारदेव के तलहट्टी मंदिर में जाकर बाबा मठार देव का पुजन किया। तत्पश्चात भाजपा कार्यालय मंश सभी कार्यकर्ताओं द्वारा विजय प्रत्याशी बेबी मनोज ठाकुर का स्वागत किया। भाजपा कार्यालय में कार्यकर्ताओं को मंडल अध्यक्ष नागेन्द्र निगम, जिला महामंत्री कमलेश सिंह,झुग्गी झोपडी प्रकोष्ठ के प्रदेश सह संयोजक रंजीत सिंह, नपा अध्यक्ष किशोर बरदे,सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के जिला संयोजक सुधा चंद्रा ने संबोधित किया सभी नेताओं ने इस जीत को पूर्व पार्षद मनोज ठाकुर को श्रद्धांजलि के रूप में समर्पित की और कहा कि भारतीय जनता पार्टी सिर्फ एक राजनीतिक दल नहीं दल से उपर उठकर एक परिवार है जो हर कार्यकर्ताओं के सुख दुख में तठस्थ वट वृक्ष के रूप में खड़ी रहती है। उपस्थित कार्यकर्ताओं और वार्ड की जनता का नवनिर्वाचित पार्षद बेबी मनोज ठाकुर ने धन्यवाद और आभार व्यक्त कर कहा की जिस तरह मेरे दिवंगत पति ने वार्ड के लिए कार्य किया है उसी तरह मै भी अपने वार्ड के विकास के लिए कार्य करूगी। कार्यक्रम का संचालन मंडल के महामंत्री प्रकाश शिवहरे ने किया वही कार्यक्रम दशरथ सिंह, गणेश पाल, अमीत अग्रवाल, दिलीप विश्वकर्मा, विनय मदने, रमेश खवसे, सुनंदा पाटिल, सरोज विश्वकर्मा, सुनीता यादव, किरण नागले, बंडु माकोड़े, मुकेश यादव, प्रवीण सूर्यवंशी, मनीष धोटे, राहुल कापसे बिन्नी राय, शैलेष ठाकूर, सरोज ठाकूर उपस्थित थे। इसके बाद वार्ड क्र.14 मे बेबी मनोज ठाकूर के समर्थन मे रैली निकाल कर मतदाताओ का आभार जताया।

### आज से गांधी मैदान पर होगा अखिल भारतीय हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन

# ग्वालियर बना इंटर डिस्ट्रिक्ट हॉकी का सरताज, मंदसौर उप विजेता

निर्णायक मुकाबले में ग्वालियर ने मंदसौर को 5-2 से हरा कर हॉकी का सिरमौर बना। उप विजेता मंदसौर ने अच्छा खेल दिखाया लेकिन, कुछ मौकों को भुना नहीं सका।



हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

हॉकी मध्यप्रदेश के तत्वावधान में जिला हॉकी संघ द्वारा आयोजित अंतर जिला हॉकी प्रतियोगिता का निर्णायक मुकाबले में ग्वालियर की टीम ने मंदसौर पर 5-2 गोल से जीत अर्जित की। उप विजेता मंदसौर ने अच्छा खेल दिखाया लेकिन, कुछ मौकों पर वे गोल पोस्ट के पास मिले मौकों को भुना नहीं सके। युवाओं से सजी मंदसौर टीम को उपविजेता ट्रॉफी से ही संतोष करना पड़ा। दोनों टीमों को विनर और रनर ट्रॉफी शैलेन्द्र सिंह चौहान की स्मृति में उनके परिवार ने प्रदान की हैं। ग्वालियर टीम को विजेता ट्रॉफी मुख्य अतिथि नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष पंकज चौरे, टीआई गौरव सिंह बुंदेला, हॉकी मध्यप्रदेश के महासचिव लोक बहादुर, उपमहासचिव जगेन्द्र सिंह तोमर, जिला हॉकी संघ के अध्यक्ष प्रशांत जैन, सचिव कन्हैया गुरयानी, कोषाध्यक्ष सर्वजीत सिंघ सैनी, सभापति पार्षद राकेश जाधव, अभा हॉकी प्रतियोगिता के आयोजन समिति के अध्यक्ष राहुल चौरे ने प्रदान की। हॉकी मप्र की ओर से दोनों टीमों को 11-11 सौ रुपए का पुरस्कार प्रदान किया। संचालन हिमांशु बाबू अग्रवाल ने किया। फाइनल मैच के शुभारंभ अवसर पर एसडीओपी महेन्द्र सिंह चौहान, तहसीलदार सुनीता साहनी, डीएचए उपाध्यक्ष डॉ.ताविश अरोरा, कार्यकारी अध्यक्ष शिरीष कोठारी, निपुण गोठी, रविन्द्र जोशी, जयराज सिंह भानू, पूर्व अध्यक्ष राजेन्द्र तोमर, अरुण रावर्ट, दीपसिंह ठाकुर, साजिद मलिक, मोनू राज, अजय अल्वर्ट, निशांत अगस्टीन, मयंक जेम्स, रीतेश श्रीवास, अमनकीत सिंघ भाटिया, आरिफ खान, रवि हरदुआ, शैलेन्द्र दुबे सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे। संबोधित करते हुए नगर पालिका अध्यक्ष पंकज चौरे ने कहा कि दोनों टीमों ने अच्छा खेल दिखाया। जो अन्य टीमें आयीं थीं, सभी को शुभकामनाएं। उम्मीद करते हैं कि विधायक डॉ.सीतासरन शर्मा के नेतृत्व में अगला टूर्नामेंट एस्ट्रोटर्फ पर होगा। हॉकी मप्र के जनरल सेक्रेट्री लोक बहादुर ने कहा कि इटारसी में हॉकी का साठ वर्षों से अधिक का इतिहास है, यहां की समिति ने विपरीत मौसम के बावजूद टूर्नामेंट कराया, यह बधाई के पात्र हैं।

#### ऐसे चला मैच

इंटर डिस्ट्रिक्ट सीनियर हॉकी प्रतियोगिता का फाइनल मैच मंदसौर और ग्वालियर के मध्य काफी रोमांचक रहा। मध्यांतर के पूर्व तक दोनों टीमों ने तेज हॉकी खेली। मैच के तीसरे ही मिनट में ग्वालियर के कप्तान निक्की ने शार्ट कॉर्नर को गोल में बदलकर 1-0 की बढ़त हासिल कर ली। 8 वे मिनट में मंदसौर टीम ने शानदार तालमेल दिखाया और एक मैदानी गोल कर करके मुकाबला 1-1 से बराबर कर लिया। दूसरे क्वार्टर में मंदसौर को दो शॉर्ट कॉर्नर मिले लेकिन वे इसका फायदा नहीं ले सके। ग्वालियर के अर्जुन ने दूसरा गोल करके स्कोर 2-1 कर लिया। तीसरे क्वार्टर में मंदसौर टीम के कप्तान अक्षय ने शानदार मैदानी गोल करके 2-2 की बरावरी कर ली। अंतिम क्वार्टर में ग्वालियर के नवनीत ने तीसरा और चौथा गोल करके 4-2 की बढ़त कर ली। अर्जुन ने पांचवा गोल करके स्कोर 5-2 कर लिया और यही अंतिम समय तक बरकरार रहा।

#### आज से अभा प्रतियोगिता होगी

बुधवार से गांधी मैदान पर नगर पालिका परिषद के तत्वावधान में जिला हॉकी संघ द्वारा अखिल भारतीय हॉकी प्रतियोगिता प्रारंभ हो जाएगी। 11 बजे से पुणे, बैंगलुरु, मुंबई और नर्मदापुरम की टीमें मैदान पर होंगी। डीएचए अध्यक्ष प्रशांत जैन ने नगर के हॉकी प्रेमियों को कल से देश की बड़ी टीमों का मैच देखने गांधी मैदान पर आमंत्रित किया है।

डीएचए अध्यक्ष प्रशांत जैन ने कहा कि दोनों टीमें अच्छा खेलीं। ग्वालियर ने मैच जीता और मंदसौर ने हमारे शहर के हॉकी प्रेमियों का दिल जीता है। जब होशंगाबाद में टूर्नामेंट हो रहा था, यहां के लोग उत्सुक थे कि इटारसी में कब होगा। मौसम ने साथ दिया तो हमने फाइनल यहां करा लिया और हॉकी प्रेमी बड़ी संख्या में पहुंचे।

# खरीदी केंद्र पर अव्यवस्थाओं के कारण खुले में पड़ी है किसानों की धान

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया



समर्थन मूल्य पर धान खरीदी सफलतापूर्वक संपन्न करने के लिए कलेक्टर द्वारा निर्देश अनुविभागीय अधिकारी, तहसीलदार एवं सभी खरीदी केन्द्रों के प्रबंधकों को दिए गए हैं, लेकिन पिपरिया विकासखंड में देखा जा रहा है की खरीदी केन्द्रों पर अव्यवस्थाएं फैलती जा रही हैं। जिनके कारण किसानों की हजारों क्विंटल धान लगभग एक सप्ताह से खुले में पड़ी हुई है। जिनमें समिति प्रबंधकों द्वारा कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। खरीदी हुई धान को उठा लिया गया है लेकिन किसानों की जो धान पड़ी हुई है उसे गंभीरता से नहीं लिया जा रहा है। जिसके कारण किसानों की धान खुले में पड़ी हुई है, उसे अभी तक नहीं तोला गया है। वहीं कई किसान धान की तुलाई कराने के लिए मंडी में पड़े हुए हैं। इससे प्रतीत होता है कि शासन द्वारा किसानों के साथ भेदभाव किया जा रहा है। किसानों के स्लाट बुक होने के बाद भी किसानों ने धान के ढेर लगा दिए हैं, लेकिन खराब मौसम के कारण अभी तक तोले नहीं गए हैं।

जबकि कलेक्टर द्वारा धान तो लाने के निर्देश दिए गए हैं। इस विषय में कृषक सेवा सहकारी समिति सांडिया के प्रबंधक महेंद्र पटेल ने बताया कि मौसम खराब होने के कारण खेत में तौलकांटे नहीं पहुंच पा रहे हैं और न ही वहां पर तुलाई करना संभव हो रहा है। इसलिए किसानों से चर्चा की गई है। वह धर्मकांटे से ट्राली में अपना अनाज भर कर तुलाई कर ले। प्रयुक्त होने पर उन्हें पर्ची दे दी जाएगी। इस विषय में किसान बैकुंठ पटेल ने बताया कि सभी किसान सहमति दे रहे हैं। मौसम खुलने के बाद ही यह संभव हो सकेगा क्योंकि वहां पर मैदान में अभी इतनी कीचड़ है एवं इतनी नमी है कि ट्रैक्टर जाना भी मुश्किल हो रहा है।

## श्री राम मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा के लिए पचमढ़ी पहुंचे आमंत्रण



**पचमढ़ी।** अक्षत कलश कि,आज पचमढ़ी नगर में भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। इस शोभायात्रा के दौरान समस्त पचमढ़ी नगर राममय दिखाई दिया,चारों ओर रामधुन एवं जय श्रीराम की गूंज रही। शोभा यात्रा में श्री राम परिवार की भव्य झांकियां सजाई गई। लगभग 3000 महिलाएं एवं पुरुष भारतीय परिधान में इस भव्य शोभायात्रा में शामिल हुए। इस भव्य शोभा यात्रा को सफल बनाने में आरएसएस, विश्व हिंदू परिषद,बजरंग दल,गायत्री परिवार, खेरमाई समिति, त्रिपाठी मंदिर समिति,एवं पचमढ़ी के समस्त धार्मिक संगठनों का सहयोग रहा। भव्य शोभा यात्रा के दौरान पचमढ़ी के समस्त मंदिरों में अयोध्या से आए पवित्र आमंत्रण अक्षत वितरित किए गए जो पचमढ़ी के प्रत्येक घर में श्री राम चित्र एवं आमंत्रण के साथ आग्रह पूर्वक दिए जाएंगे एवं बताया जाएगा की 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा के दिन हमें अयोध्या नहीं जाना है। हमें अपने नगर में ही रहकर अपने घरों को एवं अपने आसपास के मंदिरों को अच्छी तरह से रंगाई,पुताई,साफ सफाई कर अच्छी तरह सजना है और भविष्य में आप जब भी अयोध्या जाए तब इन अक्षत को अपने साथ ले जाकर श्रीराम जी के चरणों में अर्पित करना है।

# बीड़ी बेटे से बड़ी नहीं होती: एसडीएम

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर



एसडीएम बृजेंद्र रावत प्रशासन काल में सोहागपुर में पदस्थ हुए थे। सोहागपुर में पद स्थापना के बाद निर्विवाद विधान सभा चुनाव सम्पन्न कराने की चुनौती थी जिसे उन्होंने बाखूबी अंजाम देते हुए छुटफुट घटनाओं को छोड़ दिया जाए तो इसमें पूर्णतः सफल रहे। अब जब पूरे देश में विकसित भारत संकल्प यात्रा शासन प्रशासन द्वारा निकाली जा रही है तब सोहागपुर में एसडीएम बृजेंद्र रावत द्वारा यात्रा में हितग्राहियों को संबोधित करते हुए तमाम जन हितैषी संदेश देते हुए सुने जा रहे है। सोहागपुर मंगल भवन पहुंची यात्रा के दौरान एसडीएम रावत ने एक कहानी बताई जिसकी लोगो ने खूब सराहना की। उन्होंने कहानी में बताया कि हमारे एक पड़ोसी मित्र थे जिन्हे बीड़ी पीने की आदत थी। मित्र की बीड़ी पीने की आदत से उनका बेटा बहुत खफा होता था। वो बोलता था कि पापा बीड़ी छोड़ दो अन्यथा मैं आपसे बात नही करूंगा। उनके मित्र ने बेटे की बात नजर अंदाज की तो बेटे ने भी पापा से जिद करते हुए बोला पापा आप बीड़ी छोड़ रहे हो या नही। पापा ने फिर बेटे की बात नजर अंदाज करते हुए बीड़ी जब नही छोड़ी तो बेटे ने पापा से बोलना बंद कर दिया यह बात पापा को तीन चार दिन बाद एहसास हुई तो उन्होंने अपनी पत्नी से पूंछा कि बेटा क्यों नाराज है मुझसे, पत्नी द्वारा पता चलने के बाद कि आपने बीड़ी नही छोड़ी इसलिए वह आपसे नही बोलता है। तब जाकर पिता को एहसास हुआ कि बेटे से बड़ी बीड़ी नही होती हैं और उन्होंने बेटे को प्रॉमिस करते हुए बीड़ी का त्याग कर दिया। एसडीएम बृजेंद्र रावत द्वारा उपरोक्त कहानी सुनाए जाने के बाद संकल्प यात्रा में उपस्थित विधायक ठाकुर विजयपाल सिंह सहित सभी ने ताली बजाकर प्रेरक कहानी का अभिनंदन किया।

# सेवा विस्तार और स्थाई रोजगार की लगाई गुहार

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर



सोहागपुर विधान सभा के विधायक ठाकुर विजयपाल सिंह को बीते दिनों सोहागपुर के कार्यक्रम में सेवा मित्रों ने मिलकर एक ज्ञापन दिया। ज्ञापन के माध्यम से सेवा मित्रों ने उल्लेखित किया कि वो सरकार और जनता के बीच सेतु का कार्य करते हैं। हर हितग्राही योजना को अंतिम व्यक्ति तक उनके द्वारा पहुंचाया जाता है। लाडली बहना योजना, मतदाता जागरूकता, वित्तीय साक्षरता अभियान, महिला चौपाल, नुक्कड़ नाटक का कार्य कर सरकार को सहयोग प्रदान करते हैं। ज्ञापन के अनुसार उन्हें पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा आश्वस्त किया गया था कि विवेकानंद केंद्र की स्थापना कर वा उसका संचालन सेवा मित्रों द्वारा कराकर रोजगार देने की बार कही थी। सेवा मित्रों ने विनम्रता पूर्वक आग्रह किया कि हमारी इंटरशिप 31 जनवरी 2024 को खत्म हो रही है जिससे प्रदेश के 9 हजार युवा बेरोजगार हो जायेंगे उनके सामने रोजी रोटी का खतरा बढ़ जायेगा । ज्ञापन के माध्यम से उन्होंने विद्यायक महोदय से आग्रह किया कि आप हमारी बात मुख्यमंत्री तक पहुंचा कर हमारी इंटर शिप को आगे बढ़ाते हुए सेवा विस्तार कर स्थाई रोजगार प्रदान किया जाए ।

# अनियंत्रित होकर गेहूं से भरा ट्रक पलटा



हरिभूमि न्यूज ⏭ सेमरीहरचंद

बीती रात नर्मदा पुरम पिपरिया स्टेट हाईवे 22 ग्राम गुरमखेड़ी के पास पिपरिया से गेहूं भरकर इंदौर जा रहा। ट्रक एमपी 09 एचजे 4755 घने कोहरे के कारण अनियंत्रित होकर पलट गया जिससे गेहूं की बोरियां नीचे गिर गई, कोई जनहानि नहीं हुई।

# संकल्प यात्रा को लेकर निकाली गई रैली



हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

विकसित भारत को लेकर संकल्प विकास यात्रा कार्यक्रम का आयोजन मंगलवारा बाजार बस स्टैंड पर किया गया। इस दौरान विधायक ठाकुरदास नागवंशी, नपा अध्यक्ष नीना नवनीत नागपाल, जिला सतर्कता समिति सदस्य अरविंद राय, नगर मंडल अध्यक्ष बलराम ठाकुर, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष प्रशांत रघुवंशी, राजा भैया पटेल सहित जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। इस दौरान संकल्प यात्रा को भ्रमण कराया गया।

वहीं पर सीएम राइस स्कूल प्राचार्य संजीव दुबे, विकासखंड शिक्षा अधिकारी, बीआरसी प्रदीप शर्मा, मुख्य नगर पालिका अधिकारी आरपी नायक, महिला मोर्चा जिला महामंत्री ममता नागवंशी सहित अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन गिरधरमल द्वारा किया गया।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा पहुंची पचमढ़ी, क्षेत्रवासियों की रही भागीदारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ पचमढ़ी



विकसित भारत संकल्प यात्रा के पचमढी आगमन पर मंगलवार को अटल छावनी परिषद पचमड़ी द्वारा बिहारी बाजपेयी ग्रीन शेड में कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें पचमढी केन्ट क्षेत्र एवं साडा क्षेत्र के रहवासियों ने भागीदारी की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पंकज जायसवाल छावनी क्षेत्र के पार्षदगण गोपालदास काबरा, संजय लेडवानी, प्रशांत सिहोते, पवन झा नगर अध्यक्ष भाजपा एवं सुनील शुक्ला नगर कांग्रेस अध्यक्ष की गरिमामयी उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। जिसमें नगर के सभी विभाग छावनी परिषद, बैंक, साडा, पोस्ट आफिस, विद्युत, आंगनवाडी एवं स्वास्थ्य विभाग ने अपनी स्टाल लगाकर पात्र हितग्राहियों को लाभ व योजनाओं की जानकारी प्रदान की।

विकसित भारत संकल्प यात्रा जो कि केन्द्र व राज्य शासन के सहयोग से गरीबों व वंचित लोगों को शासन की योजनाओं का लाभ प्रदान किया जाना मुख्य उद्देश्य था । इस अवसर पर कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों द्वारा वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की शपथ ली गई। कार्यक्रम का आयोजन छावनी परिषद पचमढ़ी के द्वारा किया गया तथा शहर के सभी विभागों से समन्वय बनाकर कार्य किया गया छावनी परिषद के नितिन श्रीवास, पुष्पेन्द्र सिंह ठाकुर (योजना शाखा प्रभारी), विजय हारवंशी व गणेश पठारे इस अवसर पर उपस्थित रहे।

# ओपीएस लागू करने धरना-प्रदर्शन जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी




ओल्ड पेंशन स्कीम को लागू करने की मांग और न्यू पेंशन स्कीम के विरोध में वेस्ट सेंट्रल रेलवे एम्पलाइज यूनियन के सदस्य क्रमिक भूख हड़ताल कर रहे हैं। यूनियन के जोनल महामंत्री मुकेश गालव के आह्वान पर फिलिप ओमेन और टी के गौतम के निर्देशानुसार क्रमिक भूख हड़ताल के दूसरे दिन सुबह 9 बजे से डीजल शेड के गेट पर युवाओं की भारी संख्या रही। टीआरएस शेड के गेट पर अनेक युवाओं ने बढ़ चढ़कर क्रमिक हड़ताल में भाग लिया। स्टेशन प्रबंधक कार्यालय के सामने आज वाणिज्य विभाग और परिचालन विभाग के सैकड़ों युवाओं ने अपनी अपनी छुट्टी लेकर नई पेंशन स्कीम के खिलाफ शंखनाद किया और ओल्ड पेंशन स्कीम को लागू करने के लिए भारत सरकार से अपील की। यह धरना सुबह 9 बजे से शाम 6 बजे तक लगातार चलता रहा। दोपहर 3 बजे डीजल शेड में गेट मीटिंग में कार्यकारी अध्यक्ष आरके यादव ने अपने संबोधन में कहा कि यह युवा जो रेलवे का भविष्य है, उन्होंने ऐसी क्या गलती करी की 2004 के पश्चात भर्ती किए हुए रेलवे कर्मचारियों को पेंशन का लाभ नहीं दिया जा रहा है। महामंत्री प्रीतम तिवारी ने कहा कि एक दिन के सांसद और एक दिन के विधायक को जब पेंशन मिलती है, तो रेलवे कर्मचारियों को भी पेंशन का लाभ मिलना चाहिए। सीमा पर खड़े जवान एक सिपाही की मृत्यु होती है तो उसको शहीद की उपाधि दी जाती है तो रेलवे कर्मचारी की भी जब ऑन ड्यूटी के दौरान मृत्यु होती है तो उन्हें भी शहीद की उपाधि प्रदान की जाए। सभा का संचालन नितेश ने और आभार प्रदर्शन मनोज रैकवार ने किया। एम नजीब ने भी सभा को संबोधित किया। कल दोपहर 3:30 बजे स्टेशन प्रबंधक कार्यालय के सामने गेट मीटिंग एवं 11 जनवरी को टीआरएस शेड में शाम 3:30 बजे गेट मीटिंग होगी।

### फेसबुक पर रात को आई थी शिकायत...

# सुबह निराकरण के लिए पहुंचे नपाध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



नगरपालिका अध्यक्ष पंकज चौरे इटारसी की जनता की समस्याओं के निराकरण के कितने एक्टिव हैं। 08 जनवरी को नपाध्यक्ष पंकज चौरे के फेसबुक पर वार्ड क्रमांक 03 हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी के एक युवक ने यहां बन रही सडक के निर्माण संबंधी शिकायत की थी। जिसके बाद सुबह 9 बजे कडाके की ठंड के बीच नगरपालिका अध्यक्ष पंकज चौरे सडक निर्माण स्थल पर पहुंचे।

यहां उन्होंने देखा कि सडक का ढलान दोनों ओर न होकर एक तरफ किया जा रहा था। जिस पर उन्होंने साइट इंजीनियर मुकेश जैन को फोन कर तत्काल यहां काम रोकने के निर्देश देते हुए सडक को खुदवाकर दोनों तरफ ढलान करने के निर्देश दिए हैं। नगरपालिका अध्यक्ष चौरे ने यहां ठेकेदार कमलेश तिवारी को भी हिदायत दी कि जिस तरह के निर्देश दिए गए हैं, उसी तरह से सडक का निर्माण कराया जाए। इस पर ठेकेदार तिवारी ने कहा कि कुछ लोग दबाव डालकर काम कराते हैं। जिस पर नपाध्यक्ष चौरे ने कहा कि ऐसे लोगों के नाम उन्हें दें, वे उनसे बात कर लेंगे।

#### नालियों से निकला दो ट्रॉली कचरा



सीएमओ रितु मेहरा और स्वास्थ्य विभाग के सभापति राकेश जाधव ने स्वास्थ्य विभाग की बैठक में दिए सफाई अभियान चलाने के निर्देश के बाद मंगलवार सुबह से ही स्टेशन रोड की नालियों की तली से सफाई की गई। नालियों में से दो ट्राली से भी अधिक कचरा निकले पर सभापति राकेश जाधव ने दुकानदारों से हाथ जोड़ का अनुरोध किया कि कचरा नाली में न डालें और अपने ग्राहकों को भी जरूर कहें। ये शहर हमारा है तो उसे स्वच्छ रखने की जिम्मेदारी हम सब की है। व्यापारियों ने भी स्वच्छता अभियान में अपना सहयोग देने का आश्वासन दिया। सीएमओ ऋतु मेहरा ने कहा कचरा वाहन आने के बाद भी जो दुकानदार सड़क या नाली में कचरा डालेगा उस पर चलानी कार्यवाही की जाएगी।

# विद्यायक कप के दूसरे दिन खेले गए तीन मैचों में करनपुर पहुंची सेमी फाइनल में

हरिभूमि न्यूज ⏭ शोभापुर



बीते दिनों से जारी विधायक कप का रोमांच चरम पर है। डे टेनिस क्रिकेट टूर्नामेंट के दूसरे दिन तीन मैच हुए। पहला मैच सोहागपुर और गाडरवारा के बीच हुआ जिसमे विराट की 40 रनो की पारी से गाडरवारा ने जीत सुनिश्चित की। दूसरा मैच करण पुर और बनखेड़ी के बीच हुआ। जिसमे करण पुर से पवन माही के 13 छक्को की बदौलत 67 रन बनाकर अपनी टीम की जीत में अहम भूमिका अदा की। दोनो विजेता टीमों के बीच सेमी फाइनल मैच के लिए 8- 8 ओवर का मैच हुआ जिसमे गाडरवारा ने पहले खेलते हुए 108 रन बनाकर आउट हो गई। 109 रनो का पीछा करने उतरी करनपुर ने तेज तर्रार शुरुवात की। ओपन करने आए शब्बीर शाह 40 और पवन दुबे ने 48 रनो का अहम योगदान दिया। अंतिम 10 गेंदों में 9 रन की जरूरत थी कि तभी शानदार बल्लेबाजी करने वाले पवन माही का विकेट गिरने से मैच रोमांचक स्थिति में पहुंच गया। अंतिम 5 गेंदों में जरूरी 10 रनो को अंकित पटेल ने दूसरी गेंद पर शानदार सिक्स लगकर टीम की उम्मीदें बरकरार रखी लेकिन अगली गेंद पर बाउंड्री पर पकड़ लिये गए। जरूरी रनो को कल्लू ने धड़कने रोक देने वाले मैच में सिक्स मारकर पूरा किया और इस तरह करणपुर सेमी फाइनल में पहुंचने वाली दूसरी टीम रही। आयोजक ललित पटैल, सचिन पुरबिया ने बताया कि शानदार बल्लेबाजी और 2 विकेट लेने वाले शब्बीर शाह को मैन ऑफ दा मैच से नवाजा। आज के मैचों के अंपायर हेमंत पटेल, ताहिर खान मनु ठाकुर, राघवेंद्र ठाकुर इत्यादि रहे। स्कोरर मनीष पुरबिया, जीतेंद्र पटेल रहे। कमेंट्री की कमान बादशाह खान पूरे टूर्नामेंट में संभालेंगे।

## कॉलेज चलो अभियान

**माखन नगर।** मध्य प्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग के दिशा निर्देश के तहत श्री माखनलाल चतुर्वेदी शासकीय महाविद्यालय के प्रवेश समिति संयोजक लेफ्टि. डॉ. आईएस कनेश के मार्गदर्शन में सीएम राईस शासकीय उच्चतर माध्यमिक माखन नगर में 12 वी छात्र-छात्राओं को डॉ. आईएस कनेश के द्वारा महाविद्यालय में ऑनलाइन प्रवेश, एनसीसी, एनएसएस, महाविद्यालय में उपलब्ध विषय संकाय एवं शासन की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। डॉ क्षमा मेहरा द्वारा विज्ञान संकाय से संबंधित एवं स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन योजना की जानकारी दी। डॉ कविता दुबे द्वारा कला संकाय से संबंधित एवं कॉलेज की विभिन्न गतिविधियों की जानकारी दी। इस अवसर पर सीएम राइस के प्राचार्य दुबे एवं सभी स्टाफ उपस्थित रहें।

## खबर संक्षेप

### विखं स्तर पर परीक्षण शिविर आयोजित होंगे

**हरदा।** दिव्यांगों को निशुल्क कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण उपलब्ध कराने के लिए विकासखंड स्तर पर परीक्षण शिविर आयोजित किए जाएंगे। कलेक्टर ऋषि गर्ग ने बताया कि दिव्यांगों को कृत्रिम एवं सहायक अंग वितरण के लिए परीक्षण शिविर 17 जनवरी को जिला दिव्यांग पुर्नवास केन्द्र हरदा में 11 से शाम 5 बजे तक आयोजित होगा। इसी प्रकार 18 जनवरी को जनपद पंचायत टिमरनी तथा 19 जनवरी को जनपद पंचायत खिरकिया में परीक्षण शिविर आयोजित किए जाएंगे।

### स्कूलों के समय में परिवर्तन संबंधी आदेश जारी

**हरदा।** शासन ने स्कूलों के संचालन समय में परिवर्तन कर दिया है। शासन से जारी आदेशानुसार शीत लहर के प्रकोप को ध्यान में रखते हुए आगामी 20 जनवरी तक के लिए स्कूल खुलने की नई समय-सीमा निर्धारित की गई है। स्कूल शिक्षा विभाग से जारी आदेशानुसार ऐसे समस्त शासकीय एवं अशासकीय विद्यालय, जो जल्दी सुबह से संचालित होते हैं, वे सुबह 10 बजे से संचालित होंगे। दो पालियों में संचालित होने वाले शासकीय एवं अशासकीय स्कूल भी 10 बजे से ही संचालित होंगे। ऐसे विद्यालय, जो 10.30 से संचालित होते हैं, वे यथावत निर्धारित समय-सारणी अनुसार संचालित होंगे। जारी आदेश में स्पष्ट किया गया है कि कक्षा 6 से 12वीं तक की कक्षाओं की पूर्व निर्धारित परीक्षाओं का संचालन निर्धारित समय-सारणी अनुसार होगा। आदेश तत्काल प्रभाव से प्रभावशील हो गया है।

### जिला ई-गवर्नेंस सोसायटी की बैठक आयोजित

**हरदा।** मंगलवार को कलेक्टर ऋषि गर्ग की अध्यक्षता में जिला ई-गवर्नेंस सोसायटी हरदा की बोर्ड ऑफ डायरेक्टर समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में बोर्ड ऑफ डायरेक्टर समिति के सदस्य और इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट इंदौर के प्रतिनिधि नवीन कृष्ण एवं अन्य सदस्य उपस्थित रहे। बैठक में जिला ई-नवर्नेंस सोसायटी हरदा को सशक्त बनाने एवं सोसायटी के कार्यों में सुधारात्मक नवाचारों के संबंध में चर्चा की गई।

### जिले में कार्यरत संस्थाओं की होगी जांच, बनाई समिति

**हरदा।** बालकों की देखरेख व संरक्षण अधिनियम के प्रावधानों के तहत 18 वर्ष तक की आयु के बेसहारा, बाल भिक्षुक, बाल तस्करी से पीड़ित, शोषण का शिकार, सड़क पर रहने वाले अनाथ व बेसहारा बालकों की देखरेख व संरक्षण के लिए अशासकीय संस्थाएं कार्यरत रहती हैं। कलेक्टर ने इन शासकीय संस्थाओं की जांच के लिए समिति गठित करने के संबंध में आदेश जारी किए हैं। यह समिति इन संस्थाओं द्वारा ली गई विदेशी सहायता, संस्था में कार्यरत कर्मचारियों के पुलिस वेरिफिकेशन, संस्था की पृष्ठभूमि तथा संस्था के पंजीयन और धर्मांतरण की स्थिति की जांच करेगी। प्रत्येक अनुविभाग क्षेत्र में एसडीएम की अध्यक्षता में गठित समिति में विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी, सीडीपीओ तथा बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष व सदस्य शामिल रहेंगे।

## जिले के बेड़ियां से सगड़ियाव तक पीएम ग्राम सड़क योजना में अनियमितता की भरमार

# प्रधानमंत्री की गारंटी पर अधिकारी और ठेकेदार लगा रहे प्रश्न चिन्ह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खरगोन

भारत यादव की ग्राउंड रिपोर्ट



तीन साल पहले शुरू हुआ सड़क निर्माण का कार्य अब तक पूरा नहीं हुआ

हमारे प्रधानमंत्री नेक नियत से कहते हैं कि उनकी गारंटी यानी गारंटी पूरी होने की गारंटी, पर खरगोन जिला मुख्यालय से करीब 55 किलोमीटर दूर बड़वाह तहसील के सुदूरवर्ती ग्रामीण क्षेत्रों में यह बात फिट बैठती नहीं दिख रही है। ग्रामीण क्षेत्रों में चल रही प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के मामले में विभागीय अधिकारियों और ठेकेदार द्वारा प्रधानमंत्री की गारंटी पर प्रश्न चिन्ह लगाया जा रहा है।

जिले की महेश्वर इकाई द्वारा वर्ष 2020 से प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत बड़वाह प्रखंड की सनावद तहसील टप्पा के बेड़ियां से सगड़ियाव गांव तक प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत सड़क की स्वीकृति प्रदान की गई थी। वर्षों पुरानी ग्रामीणों की यह मांग पूरी होने के बाद इस सड़क से जुड़े करीब 25 हजार से ज्यादा ग्रामीणों में उत्साह का माहौल था। सड़क योजना की कागजी प्रक्रिया पूरी होने के बाद धरातल पर 22 सितंबर 2020 को काम भी आरंभ किया गया था। जिसको 21 मार्च 2022 को पूरा करना था, परंतु काम को देख रहे सब इंजीनियर और ठेकेदार की सांठगांठ के कारण समय अवधि आवंटन दिन से आज दिन तक 3 साल 1 महीना बीत जाने के बाद काम अधूरा तो है ही साथ ही सड़क भी बनी तो भूल भुलैया फिल्म की कहानी से इस इस सड़क की कहानी मिलती है। क्योंकि इस मार्ग से आवागमन करने वाले राहगीरों को भी पता नहीं चलता कि मार्ग शुरू कहां से है जाएगा किस किस गांव से होकर। सबसे खराब बात तो यह रही कि ठेकेदार द्वारा सड़क निर्माण में इस कदर गुणवत्ताहीन सामग्री का प्रयोग किया गया है कि सड़क कई स्थानों पर चलने लायक भी नहीं बचा है। इस मार्ग पर पड़ने वाले ग्रामीणों के आग्रह पर जब हरिभूमि संवाददाता ने इस सड़क का रुख किया तो चौकाने वाली कहानी सामने आई है। अधिकारियों ने बिना सोचे समझे बेड़ियां-हीरापुर सगड़ियाव की सड़क का प्रपोजल एक डेम से होकर बना दिया, किंतु जल संसाधन विभाग की ओर से जनहानि की संभावना को देखते हुए अनुमति नहीं देने के बाद अब प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क विभाग के अफसर नया अलेमेंट तैयार कर करीब दो किलोमीटर के फेर के साथ सड़क को पूरा करने की जुगत में लगे हुए हैं। ऐसे में सरकारी धन की क्षति होने से इनकार नहीं किया जा सकता है।

### सड़क का चयन ही सवालों के घेरे में

20 करोड़ रुपए से अधिक की लागत से प्रधानमंत्री सड़क के पैकेज में बन रही 25 किलोमीटर की इस निर्माणाधीन मार्ग का चयन ही सवालों के घेरे में है। क्योंकि निर्माण के अंतर्गत ऐसे एक रेखण का चयन होना प्रतीत होता है, जोकि कुछ गांवों में डबल संपर्कता होने से अनुपयोगी मार्ग निर्माण केवल ठेकेदार को लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से कार्य स्वीकृति मिली हो। ठेकेदार द्वारा जितनी सड़क का काम किया गया उसमें अनियमितता इतनी हावी है कि आगे पाठ पीछे सपाट जैसी गुणवत्ता का कार्य हुआ है। साथ ही बेड़ियां से बागदा बुजुर्ग के बीच में डामरीकृत सड़क में जगह-जगह अभी से गड्ढे होने लगे तो बागदा में सीसी रोड की स्थित खराब हो गई है। वहीं बागदा बुजुर्ग से बागदा खुर्द इन दोनों गांवों में डामर सड़क और सीसी रोड में ऊपरी सतह पर वर्तमान में गड्ढे उभरते दिखाई देते हैं। इसी प्रकार बागदा खुर्द से गोराडिया तक के भाग में मार्ग निर्माण कार्य तो नहीं किया गया, किंतु भ्रमण के दौरान पाया कि मार्ग में दोनों ओर किसानों के खेत उपर है और सड़क नीचे है, अगर यही स्थिति में निर्माण होता है तो खेतों का पानी सीधे सड़क पर जमा होगा।

#### परमिशन के कारण देरी

सड़क का कुछ हिस्सा डेम से होकर जा रहा था जिसकी जल संसाधन विभाग से अनुमति नहीं मिलने के कारण भी काम लेट हो रहा है। अगर घटिया निर्माण हुआ है तो जांच कराई जाएगी।

**एचपी जाटव,** जीएम प्रधानमंत्री सड़क महेश्वर इकाई

#### काम नियम से कर रहे

सड़क पर निर्माण कार्य में कोई लापरवाही नहीं बरती गई है। पूरा काम नियमानुसार किया जा रहा है। जल्द ही सड़क का अधूरा काम शुरू कर दिया जाएगा।

**दीपक जायसवाल,** सब इंजीनियर प्रधानमंत्री सड़क महेश्वर।

# उपचुनाव : वार्ड नंबर 41 से कांग्रेस को मिली जीत

## कांग्रेस के तारिक बबलू पटेल 193 मतों से जीते
## दिवंगत सिद्दीक पटेल को दी वार्डवासियों ने श्रद्धांजलि



**खंडवा।** खंडवा नगर निगम अंतर्गत आने वाले वार्ड क्रमांक 41 के पार्षद पद के लिए उपचुनाव में कांग्रेस के तारिक बबलू पटेल ने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी निर्दलीय प्रत्याशी में जाफर को 193 मतों से हराकर जीत हासिल की। वार्ड के इस चुनाव में भाजपा तीसरे नंबर पर रही। कांग्रेस की जीत पर शहर कांग्रेस डॉ मुनीश मिश्रा ने वार्डवासियों का आभार व्यक्त किया। हमारे दिवंगत नेता सिद्दीक पटेल को सच्ची श्रद्धांजलि है। एक ओर जहां खण्डवा नगर निगम परिषद पर भाजपा का कब्जा है वहा एक वार्ड में उपचुनाव में सत्ता पक्ष के प्रत्याशी का तीसरे नंबर पर रहना कहीं न कहीं भाजपा संगठन की कमजोरी दर्शाता है। वहीं कांग्रेस के लिए यह जीत अपने कार्यकर्ताओं का हौसला बढ़ाने का काम करेगी। जिला कांग्रेस प्रवक्ता प्रेमांशु जैन ने बताया कि नगर निगम के जाकिर हुसैन वार्ड 41 में पार्षद सिद्दीक पटेल के निधन के बाद स्थानीय निर्वाचन द्वारा उपचुनाव की प्रक्रिया संपन्न हुई। इस चुनाव में सिद्दीक पटेल के भतीजे बबलू पटेल को कांग्रेस ने उम्मीदवार बनाया था। उपचुनाव में बबलू पटेल को 766 वोट मिले, वहीं भाजपा के सईद कुरैशी को 498 वोट प्राप्त हुए। एमआईएमआईएम के मुदस्सर खान ने 51 वोट प्राप्त किए। जाफर को 573 वोट मिले। कुल 1898 लोगों ने वोट डाले थे, नोटा के खाते में 10 वोट पड़े। तारिक बबलू पटेल की जीत पर स्थानीय कांग्रेसजनों ने एक दूसरे को बधाई प्रेषित कर गांधी भवन में जश्न मनाया एवं विजयी झुलस निकाला और कांग्रेस पर विश्वास जताने के जनता जनार्दन का आभार व्यक्त किया।

## राज्य स्तरीय युवा उत्सव में जिले के सोलंकी ने प्राप्त किया प्रथम स्थान

**खंडवा।** नेहरु युवा केंद्र संगठन (युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार) द्वारा दो दिवसीय राज्य स्तरीय युवा उत्सव कार्यक्रम का आयोजन भोपाल में किया गया। राज्य स्तरीय युवा उत्सव कार्यक्रम में प्रदेश के हजारों युवाओं ने अलग अलग विधाओं में भाग किया। नेहरू युवा केन्द्र खंडवा के उपनिदेशक तारा पारगी ने बताया कि इसके तहत युवा कलाकार चित्रकला प्रतियोगिता, मोबाइल फोटोग्राफी प्रतियोगिता, भाषण प्रतियोगिता, कविता लेखन प्रतियोगिता सहित सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां शामिल रही। खंडवा जिले के होनहार युवा कलाकार शिशुपाल सोलंकी ने युवा कलाकार चित्रकला प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर जिले का प्रतिनिधित्व राज्य स्तर पर किया। इस अवसर पर उन्हें पुरस्कार स्वरूप 15 हजार रूपये की राशि व प्रमाणपत्र द्वारा पुरस्कृत किया गया।

# बाड़ी की महिलाओं ने कहा साहब गांव में अवैध शराब बिकती है, रोज होते हैं झगड़े

## एएसपी ने टीआई से कहा, दबिश का वीडियो भेजो, नहीं तो बीट प्रभारी बदल दूंगा



**खरगोन।** जिला मुख्यालय से 25 किलोमीटर दूर भगवानपुरा जनपद की बाड़ी गांव की 150 से ज्यादा महिलाएं मंगलवार को जिला मुख्यालय पहुंचीं। पहले महिलाएं कलेक्ट्रेट गईं बाद में वे पैदल एसपी ऑफिस पहुंची। उसके बाद एडिशनल एसपी तरुणेन्द्र सिंह बघेल को शिकायत करते हुए महिलाओं ने कहा साहब गांव में शराब के कारण घरेलू झगड़े हो रहे हैं। शराब पीने से युवाओं की असमय मौत हो रही है। इसपर रोक लगाई जाए। एएसपी ने कंट्रोल रूम फोन लगाया। फिर बिस्टान थाना प्रभारी से बात की। उन्होंने कहा कि आज ही बाड़ी गांव में दबिश दी जाए और कार्रवाई का वीडियो मुझे भेजो। गांव में शराब बंद नहीं हुई है तो बीट प्रभारी पर कड़ी कार्रवाई करूंगा।

### एक किमी पैदल पहुंची थी

बाड़ी गांव की महिलाएं मंगलवार को जनसुनवाई में शराब बिकने की शिकायत लेकर पहुंची थी। महिलाओं ने जनसुनवाई कक्षा में अपना आवेदन दिया तो उन्हें पुलिस अधिकारियों के पास शिकायत करने को कहा। कलेक्ट्रेट से 1 किलोमीटर पैदल चलते हुए महिलाएं एसपी कार्यालय पहुंची थी।

## 'सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ सभी पात्र लोगों तक पहुंचे'

# संकल्प यात्रा के दौरान किसानों को बांटे गए सोइल हेल्थ कार्ड

**हरदा।** सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ सभी पात्र लोगों तक पहुंचाने के लिए भारत सरकार द्वारा प्रारंभ की गई विकसित भारत संकल्प यात्रा मंगलवार को जिले के ग्राम डगावाशंकर, रोलगांव, कमताड़ा, नांदवा, डोलरिया व कपासी पहुंची। संकल्प यात्रा के दौरान सभी ग्रामों में स्कूली छात्राओं व महिलाओं ने कलश यात्रा आयोजित की। यात्रा के दौरान ग्रामीण क्षेत्र रोलगांव में स्वस्थ बालक प्रतियोगिता आयोजित की गई।



ग्राम नांदवा में यात्रा के प्रचार वाहन पहुंचने पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष दर्शनसिंह गेहलोत ने यात्रा का स्वागत किया। इस अवसर पर गांव की छोटी-छोटी बालिकाओं ने सिर पर कलश रखकर यात्रा की अगवानी की। ग्राम नांदवा में अधिकारियों ने उपस्थित ग्रामीणों को योजनाओं की जानकारी दी तथा किसानों के समक्ष खेतों में ड्रोन के माध्यम से नेनो यूरिया छिड़काव के संबंध में प्रदर्शन कर बताया गया। ग्राम नांदवा में प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना से लाभान्वित महिला हितग्राहियों तथा उन्नत कृषि यंत्र योजना के तहत अनुदान प्राप्त किसान ने अपनी सफलता की कहानी उपस्थित ग्रामीणों को सुनाई। इसके अलावा ग्राम डोलरिया व ग्राम नांदवा में किसानों को मिट्टी परीक्षण से संबंधी सोइल हेल्थ कार्ड प्रदान किए गए। कार्यक्रम में ग्रामीणों को भारत सरकार की ओर से प्राप्त केलेण्डर वितरित किए गए। यात्रा के साथ चल रहे प्रचार वाहन का स्थानीय ग्रामीणों ने स्वागत किया तथा वाहन में लगे एलईडी टीवी पर विकास कार्यों पर केन्द्रित फिल्म का प्रदर्शन भी किया गया।

शिविरों में विभिन्न हितग्राही मूलक योजनाओं के तहत चयनित हितग्राहियों को स्वीकृति पत्र प्रदान किये गये तथा योजनाओं का लाभ लेने के इच्छुक ग्रामीणों से योजनाओं के आवेदन भी भरवाये गए। यात्रा के दौरान ग्रामीणों को विकसित भारत बनाने का संकल्प दिलाया गया। शिविर में निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित कर गांव के मरीजों को दवाईयां दी गईं।

# करियर से ज्यादा जरूरी है भारत के अच्छे नागरिक होना : कुलपति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा



लाल बहादुर शास्त्री व्यावसायिक अध्ययन महाविद्यालय हरदा में चल रहे सात दिवसीय वार्षिकोत्सव कला गूंज 2024 के छठवें दिवस पर प्रदर्शनी, विभिन्न सांस्कृतिक प्रतियोगिताएं एवं सेल्स कॉर्नर का आयोजन हुआ।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में बरकतउल्ला विश्वविद्यालय,भोपाल के कुलपति प्रोफेसर सुरेश कुमार जैन एवं विशेष अतिथि के रूप में उज्जैन से शिक्षाविद राजेश शर्मा उपस्थित रहे। कुलपति ने विद्यार्थियों, पालकों और शिक्षकों को अपने संबोधन में कहा कि करियर तो एक विषय है पर करियर सब कुछ नहीं है। करियर एक विषय हो सकता है पर इससे ऊपर भारतवर्ष को आज एक अच्छे नागरिक की जरूरत है। महाविद्यालय और बरकतउल्ला विश्वविद्यालय को अच्छे छात्रों और टॉपर्स की भी जरूरत है। साथ ही उन्होंने विद्यार्थियों को शोध कार्यों में सम्मिलित होने हेतु प्रोत्साहित किया और कहा कि बरकतउल्ला विश्वविद्यालय के द्वार ऐसे विद्यार्थियों के लिए हमेशा खुले हैं। महाविद्यालय के कला गूँज 2024 के छठवें दिन रंगारंग कार्यक्रमों के साथ चलित और स्थिर मॉडल्स की प्रदर्शनी ने भी अतिथियों को बहुत लुभाया।

मुख्य अतिथि कुलपति प्रोफेसर जैन और विशेष अतिथि शिक्षाविद राजेश शर्मा द्वारा विश्वविद्यालयीन परीक्षाओं में विभिन्न कक्षाओं में टॉप करने वाले विद्यार्थियों को मेडल एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय की प्रावीण्य सूची में बी.एससी. बायो में प्रथम स्थान प्राप्त कर गोल्ड मेडल प्राप्त करने वाली छात्रा प्रियंका सोनी को प्राइड ऑफ एलबीएस के रूप में मेडल एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ राजीव खरे ने सभी विद्यार्थियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

# जनसुनवाई में कलेक्टर सिंह ने सुनी नागरिकों की समस्याएं



**खंडवा।** शासन के निर्देशानुसार प्रत्येक मंगलवार को जनसुनवाई कार्यक्रम के तहत नागरिकों की शासकीय कार्यालयों से संबंधित समस्याओं का निराकरण अधिकारियों द्वारा किया जाता है। इसी क्रम में कलेक्टर अनूप कुमार सिंह ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में अपनी समस्याओं के आवेदन लेकर आए विभिन्न नागरिकों की समस्याएं सुनी और उनके त्वरित निराकरण के लिए मौके पर उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिए। इस दौरान विभिन्न विभागों के जिला अधिकारीगण मौजूद थे।

# श्रीराम मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव में बढ़चढ़ कर भाग लेंगे वकील



**खंडवा।** 22 जनवरी को आयोध्या में बहुप्रतीक्षित भगवान श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव को लेकर व्याप्त राष्ट्र व्यापी उत्साह से वकील समुदाय भी अछूता नहीं है। संघ व भाजपा विचारधारा से जुड़े अधिवक्ताओं के साथ अन्य अधिवक्ता भी इस महाआयोजन के सहभागी बनने के लिए उत्सुक हैं। प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर मंगलवार को खंडवा के अधिवक्ता देवेंद्र सिंह यादव मोहन गंगराड़े, रविंद्र पाथरिकर महेंद्र यादव विजय चौधरी, राकेश थापक, रामसेवक वर्मा, अभय दुबे सुंदर राजपूत राहुल बिसेन जितेंद्र राउत शशांक गांवशिंदे अभिषेक मालाकार आदि ने 22 तारीख को आयोजित कार्यक्रम में बढ़चढ़ कर भाग लेने के लिए खंडवा जिला न्यायालय के वरिष्ठ अधिवक्ता व पूर्व अध्यक्ष सरदारसिंह तंवर,एस के अग्रवाल, राजीव शर्मा, डीएस चौहान, कल्पना उपाध्याय, छाया शर्मा सहित महिला व युवा वकीलो को आयोध्या से आए अक्षत व निमंत्रण पत्र देकर कार्यक्रम में शामिल होने का निवेदन किया। अधिवक्ता व भाजपा विधि प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक देवेंद्र सिंह यादव ने बताया 22 जनवरी को दिन के सभी कार्यकर्मों के साथ अधिवक्तागण शाम को गायत्री परिवार के साथ दीप यज्ञ द्वारा मनाएंगे दीपावली। इसी दौरान 13 से 15 जनवरी को आयोजित स्वामी विवेकानंद व्याख्यान माला के आमंत्रण पत्रक भी अधिवक्ताओं में वितरित किए जाएंगे।



### पूर्व विधायक जवानसिंह की पुण्यतिथि मनाई

**झिरन्या।** भीकनगांव क्षेत्र के पूर्व विधायक स्व. जवानसिंह पटेल की मंगलवार को पुण्यतिथि मनाई गई। कांग्रेसजनों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष श्रवण नायक द्वारा उक्त कार्यक्रम पहली बार आयोजित किया गया था। प्रारंभ में स्व. पटेल के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित और माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरुआत की। इसके बाद कांग्रेसी अस्पताल पहुंचे और वहां मरीजों को फलों का वितरण किया। इस अवसर पर निर्मल लोहारे, बसंत अग्रवाल, महेंद्र यादव, बलबीर सिंह भाटिया,भागचंद भाई, गौतम नायक, धरम जायसवाल, मनीष गोयल, अनार नायक आदि उपस्थित थे।

## राज्य शासन ने सुबह 10 बजे स्कूल खोलने के दिए थे आदेश

# एक बार फिर नहीं हुआ आदेश का पालन, निजी स्कूल मंगलवार को सुबह 9 बजे से ही खुले

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झिरन्या



इन दिनों सुबह से ही कोहरा और शीत लहर के प्रकोप से जनजीवन अस्त व्यस्त है। वहीं इस मामले में स्कूली छात्र-छात्राओं को राहत देने के लिए प्रातः 10 बजे स्कूल खोलने के राज्य शासन के आदेश का पालन मंगलवार को भी नहीं हो सका है। उल्लेखनीय है कि इस संबंध में जिला प्रशासन और राज्य शासन ने अलग-अलग आदेश जारी किए हैं।

ज्ञातव्य रहे कि कलेक्टर के निर्देश पर जिला शिक्षा अधिकारी ने 6 जनवरी को आदेश जारी कर 6 से 13 जनवरी तक प्रातः 9:00 बजे स्कूल खोलने के निर्देश दिए हैं। इसी बीच 8 जनवरी को इसी आशय का राज्य शासन का भी एक नया आदेश आ गया। जिसमें उपसचिव प्रमोद सिंह ने 20 जनवरी तक प्रातः 10 बजे से निजी स्कूलों को खोलने के आदेश दिए हैं। जबकि शासकीय स्कूल पूर्वानुसार प्रातः 10:30 बजे से संचालित होंगे।

विदित ही है कि 8 जनवरी से जिला प्रशासन के आदेशानुसार सुबह 9 बजे से निजी स्कूलों का संचालन हो रहा है। लेकिन 8 जनवरी को राज्य शासन के आदेश का पालन तो नहीं हुआ, परंतु 9 जनवरी को भी ऐसे ही हालात बने रहे। फल स्वरुप राज्य शासन के आदेश का पालन मंगलवार को नहीं किया जा सका है। इसे लेकर निजी स्कूलों के संचालक भी असमंजस में रहे और मंगलवार को भी पूर्व अनुसार ही स्कूलों का संचालन किया गया। वैसे जन शिक्षा केंद्र के अंतर्गत केंद्र के अंतर्गत 20 जन शिक्षक कार्यरत हैं। लेकिन उन्होंने भी राज्य शासन के आदेशों का पालन करने की जरूरत महसूस नहीं की और नही किसी स्कूल में निरीक्षण के लिए पहुंचे। जन शिक्षकों में सोहन डाबर और कैलाश चौहान ने बताया कि व्हाट्सएप ग्रुप पर मैसेज डाल दिया गया था। सब ने पढ़ लिया होगा, लेकिन स्कूलों में नहीं पहुंच सके थे। ऐसा आवश्यक बैठक लेने के कारण नहीं हो सका था और बुधवार से प्रातः सरकार के आदेश के अनुसार स्कूल खुलेगी।

### निजी स्कूल चला रहे हैं खुद के आदेश

जानकारी के अनुसार निजी स्कूलों के संचालक ग्रुप पर यह भी लिख रहे थे कि उन्होंने 6300 बच्चों की ड्रॉपबॉक्स की स्थिति को देखते हुए पहले ही सुबह 9 बजे से स्कूलों का संचालन कर रहे हैं। पहले इस समस्या को हल करना जरूरी है। इस तरह की ग्रुप पर चर्चा की भी व्यापक प्रतिक्रिया हो रही है।

#### इनका कहना है...

मैंने आदेश वाट्सएप पर देखा तब तक छात्र छात्राएं स्कूलों में आ चुके थे और अन्य स्कूलों में भी यही स्थिति थी। हम बुधवार से शासन के आदेश अनुसार स्कूलों का संचालन करेंगे।

**लक्ष्मण सुल्या, प्राचार्य सेंट मेरी स्कूल झिरन्या**

#### इनका कहना है...

मैं खरगोन में आवश्यक मीटिंग में दिनभर से उपस्थित हूं और शासन के आदेश अनुसार स्कूलों के संचालन के निर्देश दिए गए हैं।

**राघवेंद्र जोशी, जन शिक्षा केंद्र झिरन्या**